

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 7 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-100 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### दीपक नेपाली को 7 साल की सजा

**भिलाई,7 जुलाई।** दुर्ग जिले महादेव सट्टा ऐप का पैनल चलवाने वाले दीपक नेपाली को दुर्ग न्यायालय ने 7 साल की सजा सुनाई है वह कुछ महीने पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था दुर्ग न्यायालय ने दीपक के साथ उसके 2 साथियों को भी दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है दीपक सिंह उर्फ दीपक नेपाली और उसके दो साथियों के खिलाफ वैशाली नगर थाना पुलिस ने 2022 को मारपीट का मामला दर्ज किया था पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दीपक नेपाली और उसके दो साथी गुरमीत सिंह और संतोष शर्मा उर्फ मथुरा 20 मई की रात 11 बजे सुभाष चौक कैंप -1 में राममोहन साहू की डेली नीड्स की दुकान पहुंचे थे इन लोगों ने राम मोहन से सिगरेट और गुटखा खरीदा जब उसने पैसे मांगे तो इन लोगों उसे गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि दीपक और उसके साथियों ने अपने पास रखे चाकू को निकाला और दुकानदार पर वार कर दिया उसके चेहरे से लेकर गले तक चाकू से कई वार किए इसके बाद तीनों वहां से फरार हो गए थे इस मामले में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश दुर्ग (छ. ग.) संजीव कुमार तामक की अदालत ने दीपक व उसके साथियों को धारा 324/34 और 25/27 आर्म्स एक्ट का दो।

### कोलवाशरी कांड में आया नया मोड़

**रायगढ़,7 जुलाई।** बीते चार जुलाई को ओडिशा के गर्जनबहाल में स्थित कोलवाशरी में हुए गैंगवार में दूसरे पक्ष ने भी हिमगिरि थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है।बता दें की कोल वाशरी में मालिकाना हक़ और कब्जे को लेकर रायगढ़ के ही दो कोल कारोबारियों के बीच विवाद चल रहा है।इसी के परिणामस्वरूप बीते दिनों गर्जनबहाल में दो गुटों में खूनी संघर्ष हुआ है। उल्लेखनीय है की इस बहुचर्चित गैंगवार में अब तक 17 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी,जिन्हे कल हिमगिरि जेएमएफसी कोर्ट में पेश किया गया था।जहां से सभी आरोपियों को जमानत मिल गई।वहीं अब दूसरी ओर कल रात साढ़े आठ बजे हिमगिरि थाने में राकेश अग्रवाल, कृष्णा वाटिका निवासी रायगढ़ ने भी एफआईआर दर्ज करवाया है की,चार जुलाई की शाम चार बजे के तकरीबन गोपालपुर निवासी बंटी डालमिया उर्फ घनश्याम डालमिया,रवि गुप्ता,सुरेश गुप्ता,पवन शर्मा,पंकज गुप्ता,संदीप शर्मा,तारा श्रीवास लाठी,तलवार,चाकू से लैस होकर अपने 50 साथियों के साथ उनकी फैक्ट्री (भाटिया एनर्जी) में बलात घुस गए और वहां मौजूद लोगों पर प्राणघातक हमला कर दिया।जिस बखत हमला हुआ, उस समय वहां राकेश अग्रवाल सहित करीबन 25 लोग काम कर रहे थे।हमलावरों ने उनकी फैक्ट्री में घुसकर वहां मौजूद लोगों से मारपीट किया और फैक्ट्री के भीतर तोड़फोड़ कर लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाया,तलवार और चाकू के हमले से एक वयक्ति के कंधे और दूसरे के सीने में गंभीर चोटें आई है।रिपोर्टकर्ता के मुताबिक उसके पास रखे 25 हजार रुपयों को भी हमलावरों ने लूट लिया।शिकायतकर्ता ने यह भी बताया की हमलावरों ने घटना के ठीक एक दिन पहले भी 3 जुलाई को फैक्ट्री में घुसकर उन्हें मारने की धमकी भी दी थी।

### रायगढ़ 1 ट्रक अवैध कबाड़ के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़,7 जुलाई।** अवैध कबाड़ के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पूंजीपथरा पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। जहा अवैध रूप से 10 टन कबाड़ के साथ ट्रक को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा मुखबीर लगाकर कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में शनिवार के दोपहर थाना प्रभारी पूंजीपथरा को मुखबीर से एक ट्रक में अवैध कबाड़ लेकर ड्राइवर स्थानीय प्लांट में खपाने लाये जाने की सूचना मिली। जिसपर तत्काल पूंजीपथरा पुलिस द्वारा तमनार चौंक पूंजीपथरा





## मुख्यमंत्री साय ने महाप्रभु के मार्ग पर लगाई झाड़ू

### भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगन्नाथ

**रायपुर, 7 जुलाई।** राजधानी में आज रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में विशेष रस्म के साथ रथ यात्रा निकाली गई है। रथ यात्रा शुरू करने से पहले भगवान की प्रतिमा को रथ तक लाया गया और रास्ते को सोने के झाड़ू से साफ भी किया गया । इस रस्म को छेरापहरा कहा जाता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी प्रदेशवासियों को रथयात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है।

साय ने कहा कि भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं। उन्हीं की कृपा से बारिश होती है। उन्हीं की कृपा से धान की बालियों में दूध भरता है। और उन्हीं की कृपा से किसानों के घर समृद्धि आती है। मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस साल भी छत्तीसगढ़ में भरपूर फसल हो। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से मेरी प्रार्थना है कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें शांति, समृद्धि और खुशहाली की ओर अग्रसर करें।





## वन भूमि पर कब्जा रोकने गए कर्मियों को ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से पीटा

**गरियाबंद,7 जुलाई।** वन भूमि पर कब्जा रोकने पहुंचे रेंजर समेत तीन कर्मियों पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि तीनों के कपड़े उतारकर लाठी डंडे से पिटाई की गई है। मामला गरियाबंद जिले के मैनपुर का है। मैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरंभिक इलाज के बाद घायलों को गरियाबंद जिला अस्पताल रेफर किया है। घटना की पुष्टि करते हुए डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि हमला करने वालों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के बफर जोन के तौरेंगा वन परिक्षेत्र में शनिवार को वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) राकेश परिहार अपने शासकीय वाहन से कर्मी पितांम्बर डोंगरे के साथ सूचना के आधार पर अतिक्रमण रोकने एम कक्ष क्रमांक 1138 पहुंचे। यहां वन भूमि में गोना नवापारा निवासी अशोक नेताम द्वारा टैक्ट्रर से जोताई की जा रही थी, जिसे रेंजर द्वारा रोका गया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में घुसा दंतैल हाथी

महासमुंद। एक दंतौल हाथी तरजुन्गा से सरकड़ा गांव की ओर बढ़ रहा है. जिससे लोगों में दशहत का माहौल बना हुआ है. हाथी के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश से वन विभाग अलर्ट मोड पर है और 12 से अधिक गांव में हाई अलर्ट जारी कर दिया है.

## होटल में मिला भाजपा जिला अध्यक्ष की भतीजी का शव

### पुरुष मित्र का शव उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास मिला

**रायपुर,7जुलाई।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक नामी होटल में भाजपा जिलाध्यक्ष की भतीजी का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई है। होटल के चौथे माले पर बने कमरे में युवती की लाश मिली है। घटना के बाद मृत युवती के परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है, हालांकि पुलिस जांच के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। मामला गंज थाना इलाके का है। जानकारी के अनुसार, रायपुर के जेल रोड में संचालित नामी होटल बेबीलॉन इन के चौथे माले में 416 नंबर कमरे युवती का शव मिला है। युवती का नाम वाणी गोयल है, जो अम्बिकापुर निवासी थी। बता दें कि, युवती के पुरुष मित्र विशाल गर्ग का शव उरकुरा रेलवे स्टेशन के पास मिला था। युवक का शव ट्रेन से कटा मिला है। इस मामले पर पता चला है कि, युवती की गुम इंसान की रिपोर्ट सरस्वती नगर थाने में दर्ज है, जो कल से लापता थी। कल रात लोकेशन मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन होटल मालिक मेनेजर ने रूम नहीं खोलने दिया।

## शराब घोटाला का पैसा अधिकारियों के पास भी पहुंचता रहा

**रायपुर,7 जुलाई**

पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार में हुए 2,500 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में आबकारी विभाग के अधिकारियों ने जमकर चांदी कूटी है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) की ओर से एक जुलाई को पेश आरोप पत्र के अनुसार 15 जिलों में पदस्थ रहे 20 अधिकारियों को प्रतिमाह 2.40 करोड़ की रिश्वत दी जाती थी, जो कि अब भी महत्वपूर्ण पदों पर बने हुए हैं। इस हिसाब से चार साल में 115 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई अफसरों ने की है। आरोप पत्र में उल्लेख किया गया है कि 2,880 रुपये की एमआरपी पर बेची जाने वाली मदिरा का सिंडीकेट ने दाम बढ़ाकर 3,840 रुपये कर दिया। इसमें सप्लायरों को 560-600 रुपये प्रति पेटी के हिसाब से भुगतान किया जाता था।

नकली होलोग्राम वाली बोतलों की प्रत्येक पेटी से 150 रुपये का कमीशन इन्हीं 20 अफसरों को दिया जाता था। बाकी राशि अनवर ढेबर अपने पास रखता था और इसका 15% कमीशन अनिल टुटेजा और एपी त्रिपाठी को दिया जाता था। यह खेल 2019-20 में शुरू हुआ और 2022-23 तक चला। चार साल तक शासकीय खजाने को क्षति पहुंचाने के साथ ही पूरे सिंडीकेट की भी जेब गरम की गई थी।ईओडब्ल्यू के आरोप पत्र में कहा गया है कि शराब घोटाले में उप्र की मेरठ जेल में बंद एपी त्रिपाठी द्वारा पूरा सिंडिकेट बनाया गया था, जिसने सभी 15 जिलों के आबकारी अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें पूरी व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही इसमें आने वाली कठिनाइयों और इसके निदान के लिए भी मार्गदर्शन किया और सभी की हिस्सेदारी तय की गई।

## मोदी के स्वागत को बेकरार ऑस्ट्रिया

**नई दिल्ली,7 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रिया के दौरे पर जाने वाले हैं। इसको लेकर ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने खुशी जताई है। इसके अलावा पीएम मोदी का स्वागत करते हुए नेहमर ने एक्स पर पोस्ट भी लिखी है। नेहमर ने कि यह यात्रा एक विशेष सम्मान है क्योंकि यह 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की मेरे देश की पहली यात्रा है। नेहमर की इस पोस्ट पर पीएम मोदी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा है कि भारत और ऑस्ट्रिया के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के मौके पर इस मध्य यूरोपीय देश की यात्रा करना वास्तव में



सम्मान की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने तथा सहयोग के नये रास्ते तलाशने पर चर्चा होगी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी आठ और नौ जुलाई को रूस की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और इन दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की समीक्षा की जाएगी। मोदी रूस से ऑस्ट्रिया जाएंगे। वह नौ और 10 जुलाई को ऑस्ट्रिया में रहेंगे। पीएम मोदी के स्वागत में ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के सोशल मीडिया पोस्ट लिखी थी।



रायपुर। प्रदेश में धान का रोपा लगाने का कार्य शुरू हो गया।

### बिलासपुर खनिज विभाग ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**बिलासपुर,7 जुलाई।** खनिकर्म विभाग ने 06 जुलाई को रात्रि में ग्राम कुकुर्दीकला, अमलडीहा,उदयबंद,गतौरा लोधीपारा, लोफंदी, सेंदरी, कछार निरतू और धुरीपारा मंगला क्षेत्र में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों का सघन जांच किया गया। रात्रि लगभग 3 बजे को ग्राम कुकुर्दीकला ,थाना एवं तहसील-पचपेड़ी में शिवनाथ नदी के भीतर दो नग चैन मांउटेड मशीन को खनिज रेत के अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर नदी के बाहर खड़ा कर जप्तकर सील किया गया। दो नग लोड हाइवा को नदी के रास्ते मे फंसे होने के कारण चैन माउंटेड मशीन मालिक के सुपुर्दगी में दिया गया। एक हाइवा को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्त किया।

## छात्रावास अधीक्षक ने शराब पीकर मचाया हुड़दंग

**जशपुर,7 जुलाई।** फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पंचायत डुमरिया में प्री मैट्रिक छात्रावास अधीक्षक ने शराब पीकर खूब हुड़दंगबाजी की. उन्होंने खाना खा रहे बच्चों को गंदी-गंदी गालियां देकर जमकर मारपीट करते हुए रात में छात्रावास से बाहर निकाल दिया. महज 10 से 12 साल के अध्यनरत बच्चें रात के अंधेरे में रोते हुये पैदल अपने-अपने घर चले गए. इस घटना की जानकारी मिलते ही कुछ बच्चों के अभिभावक और ग्रामीण एकत्रित हुए और उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुये कानूनी कार्यवाही के साथ ही ऐसा कृत्य करने वाले अधीक्षक के खिलाफ जमकर हंगामा मचाया. बहरहाल, जब मीडिया ने उनसे बात की तो उन्होंने शराब सेवन करने की बात स्वीकार की, इसके साथ ही उन्होंने अपनी बात नहीं मानने पर बच्चों के पिटाई कर रात के अंधेरे में बाहर भगा देने की बात कही. बहरहाल, मामले की जानकारी के बाद मंडल संयोजक लालदेव भगत घटना स्थल पर पहुँचे और उन्होंने ग्रामीणों से पंचनामा बनाकर शीर्ष अधिकारियों को प्रेषित कर कार्यवाही करने की बात कही हैं. बता दें कि फरसाबहार विकासखंड से महज 10 किलोमीटर में संचालित यह छात्रावास में यह पहला मामला नही हैं. इसके पूर्व भी छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलार्ज ऐसी घटना कर चुके हैं. उसके बाद भी उन्हें पहाड़ों से घिरे छात्रावास में दायित्व दिया जाना विभागीय अधिकारियों की उदासीनता को उजागर करता हैं. विडंबना है कि जब रात को बच्चें खाना खा रहे थे, उस दौरान उनसे जमकर मारपीट के साथ रात के अंधेरे में बाहर निकाल देना. सबसे बड़ी बात तो यह है कि जो स्थानीय बच्चें हैं. वो अपने घर निकल गये, लेकिन जो बच्चें दूरदराज के रहने वाले हैं, वे अपने घरों तक पहुंचे की नहीं इसकी कोई जानकारी नहीं है. इन दिनों जंगली जानवर हाथी और सर्प से लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं. ऐसे में वे बच्चे घर पहुंचे या नहीं चिंता की विषय बना हुआ है.

### भारत में अविष्कृत खेल की मान्यता के लिए आईओसी में दस्तक

jasclaudius@gmail.com

## अब रोल बॉल खेल से शुरू हुई कैरियर बनाने की होड़

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आज से सिर्फ 19 वर्ष पूर्व भारत में एक नये खेल का अविष्कार हुआ जिसे रोलबाल के नाम से जाना जाता है। इस खेल के अविष्कारक पुणे के एक खेल शिक्षक राजू दभाड़े थे। उनका आरंभिक जीवन काफी संघर्षपूर्ण था। आर्थिक तंगी के कारण जीवन यापन के लिए वे सड़कों पर स्केटिंग करते हुए प्रतिदिन समाचार पत्रों का वितरण किया करते थे। राजू दभाड़े जिस शाला में बतौर खेल शिक्षक सेवा दिया करते थे ठीक उसी परिसर में बास्केटबाल का कोर्ट बना था जिसमें से खेल के दौरान कई बार गेंद राजू दभाड़े के द्वारा विद्यार्थियों को दिये जा रहे स्केटिंग खेल प्रशिक्षण वाले क्षेत्र में आ जाता था। ऐसे ही एक बार गेंद जब आई तो राजू पैरों में स्केट पहने हुए थे तो बास्केटबाल वाले गेंद को अपने कब्जे में लेकर उसे थ्रो करने के बजाय स्केटिंग के साथ ड्रिडबल करते हुए बास्केटबाल वाले मैदान की ओर आगे बढ़कर गेंद को उन खिलाड़ियों को सौंप दिया। राजू दभाड़े के लिए इस तरह स्केटिंग के साथ आगे बढ़कर गेंद को लौटाना एक असाधारण घटना साबित हुई उन्होंने इस पर गहन विचार-विमर्श किया इस बात को लेकर लगातार सोचते रहे कि स्केटिंग के साथ गेंद को लेकर भागने से क्या किसी खेल की उत्पत्ति हो सकती है? आखिरकार वे इस



निष्कर्ष पर पहुंचे कि हां यह संभव है चूंकि वे खेल शिक्षक थे अतः नये खेल के नियम बनाने में उन्हें आसानी हुई। फिर परिजनों, मित्रों ने उनके इस प्रयास में मदद करना आरंभ किया। इस तरह 2003 से नये खेल रोल बाल के अविष्कार की यात्रा आरंभ हुई वह लगभग दो वर्षों के अंदर-2005 में पूरा हो गया और भारत देश के नाम एक नये खेल रोल बाल के अविष्कार का श्रेय आ गया। वस्तुतः यह खेल बास्केटबाल, हैंडबाल, थ्रेबाल तथा स्केटिंग का मिला जुला रूप है। किसी खेल को खोज निकालना एक बड़ी बात है लेकिन उससे बढ़कर उस खेल को प्रदेश, देश, और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करवाना है। उससे बड़ी चुनौती है। इसके लिए रोल बाल खेल की स्वीकार्यता वाले खेल प्रेमियों, सहयोगियों, एक शहर से दूसरे शहर यात्रा करने वाले, आधुनिक मीडिया की जानकारी रखने वाले तथा आवश्यकतानुसार जरूरी आर्थिक मदद करने वाले साथियों की आवाश्यकता होती है। सौभाग्य से रोल बाल को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने के लिए राजू दभाड़े के साथ भारत के खेल प्रेमियों जुड़ते चले गये। पैरों में रोल स्केटिंग के साथ गेंद को हाथ में पकड़कर भागते हुए विपक्षी के गोल में गेंद डालने की प्रक्रिया बहुत तेजी के साथ घटित होती है। अतः आज के युवाओं को रोल बाल खेल बहुत ही पसंद आ रहा है। दूसरी तरफ इस खेल को महाराष्ट्र राज्य सरकार के साथ ही साथ भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मामलों के विभाग द्वारा मान्यता दी गई है। गोवा में सम्पन्न 37वें राष्ट्रीय खेलों में रोल बाल को शामिल किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 60 से अधिक देशों में यह खेल पहुंच चुका है। बहुत ही गर्व की बात है कि भारत में जन्में इस खेल के अंतर्राष्ट्रीय रोल बाल फेडरेशन का गठन हो चुका हैं। 2011 से इस खेल का वर्ल्ड कप आयोजित किया जा रहा है। अब तक छ बार क्रमशः 2011, 2013, 2015, 2017, 2019 और 2023 में रोल बाल के वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा चुका है। इस खेल के जनक राजू दभाड़े अब अंतर्राष्ट्रयी ओलंपिक परिषद से इस खेल को मान्यता दिलाने के लिए प्रचासरत हैं क्योंकि अब रोलबाल संसार के सभी महाद्वीपों में खेला जा रहा है। इसका प्रमाण है कि पुणे में 21 से 27 अप्रैल 2023 तक आयोजित 6वें रोल बाल विश्वकप स्पर्धा में महिला व पुरुष वर्ग में 5 महाद्वीपों के 24 देशों ने भाग लिया। रोल बाल के युग पुरुष व भारत के सच्चे राष्ट्रभक्त राजू दभाड़े ने बर्मिंघम यूके में 7 से 11 अप्रैल 2024 को सपन्न स्पोर्ट अकार्ड 2024 में रोल बाल की प्रस्तुति की जिससे इस खेल को ओलंपिक परिषद द्वारा मान्यता मिल सके। भारत सरकार और कुछ राज्य सरकारों ने रोल बाल के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में रिक्त कोटे पर शासकीय नियुक्ति देना आरंभ कर दिया है। इस प्रकार रोल बाल खेल के माध्यम से अब रोजगार मिलने की संभावना बढ़ गई है।

## मां के बयान से अमृतपाल ने झाड़ा पल्ला

### मां ने कहा था मेरा बेटा खालिस्तान समर्थक नहीं हैं

**नई दिल्ली,7 जुलाई।** खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह ने अपनी मां बलविंदर कौर के बयान से खुद को अलग कर लिया है। अमृतपाल के शपथ ग्रहण समारोह के बाद पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उनकी मां ने कहा था कि अमृतपाल सिंह खालिस्तान समर्थक नहीं हैं। पंजाब के अधिकारों के लिए आवाज उठाना और युवाओं की बेहतरी के लिए काम करना किसी को खालिस्तान समर्थक नहीं बनाता। उन्होंने भारतीय संविधान के दायरे में चुनाव लड़ा था। अब उन्होंने संविधान की शपथ भी ली है। ऐसे में उनका उल्लेख संविधान के दायरे में नहीं किया जाना चाहिए।मां बलविंदर कौर के बयान के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सिख कट्टरपंथियों ने उनकी आलोचना करना शुरू कर दिया। हालाँकि, बाद में बलविंदर ने सिख समुदाय से उनके बयान को गलत नहीं लेने की अपील की। इसके बाद अमृतपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए खुद को अपनी मां के बयान से अलग कर लिया। उन्होंने अपनी मां के बयान पर दुख भी जताया। एक्स पर शनिवार रात किए अपने पोस्ट में लिखा, 'जब मैंने आज माता जी के कल दिए गए बयान को पढ़ा तो मुझे बहुत दुख हुआ। हालांकि मेरा मानना है कि माता जी ने अनजाने में ऐसा कहा, लेकिन ऐसा बयान मेरे परिवार या मेरा समर्थन करने वाले किसी भी व्यक्ति की ओर से नहीं आना चाहिए।' उन्होंने आगे लिखा, 'खालसा राज का सपना देखना सिर्फ अधिकार ही नहीं बल्कि बहुत गर्व की बात है। इस सपने के लिए अनगिनत सिखों ने अपनी जान कुर्बान की है और हम इस पवित्र मार्ग से पीछे हटने की कल्पना भी नहीं कर सकते। मैंने कई बार मंचों से कहा है कि अगर कभी पंथ और अपने परिवार के बीच चुनाव करने की नौबत आई तो मैं बिना किसी हिचकिचाहट के पंथ को ही चुनूंगा।' अमृतपाल ने आगे लिखा, 'इस संबंध में इतिहास का वह वाक्य बहुत सटीक बैठता है जहां बंदा सिंह बहादुर के साथ सिंह शहीद हो रहे थे,



## एक नजर

### रंगदारी करने वाले दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई 7 जुलाई।** मोहन नगर थाना क्षेत्र रंगदारी करने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है शिकायत पर पुलिस ने धारा 308(3) के तहत कार्रवाई किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि वार्ड 13 दुर्ग निवासी अरविंद सिंह रेलवे स्टेशन दुर्ग में आटो चलाता है यहां के आटो स्टैण्ड संचालक दीपक नगर दुर्ग निवासी मनोज सिंह और सुमीत नामक युवकों ने पीड़ित के आटो को स्टैण्ड में लगाने रंगदारी वसूले व मारपीट कर 7 हजार 500 रुपए जेब से निकाल लिया युवकों द्वारा पीड़ित से हजार रुपए प्रतिमाह रंगदारी वसूलते है दुर्ग रेलवे स्टैण्ड में आए दिन संचालक के गुर्गों द्वारा भी आम लोगों से विवाद करते रहते है मोहन नगर पुलिस इस तरह के बदमाशों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती आई है।

### ट्रक से सामान चोरी

**भिलाई 7 जुलाई।** नंदिनी थाना अंतर्गत अज्ञात चोर ट्रक की ड्राइवर साइड का लॉक तोड़कर केबिन में रखे टूल्स और म्यूजिक सिस्टम समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 305 (बी) के तहत अपराध दर्ज किया है नंदिनी पुलिस ने बताया किट्रक के मालिक ईश्वर कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 चक्का ट्रक है ट्रक को गांव का हीरा लाल निषाद चलाता है उसकी तबीयत खराब होने ट्रक गांव के कला मंच के सामने खड़ा कर अपने घर चला गया सुबह 7 बजे डयूटी से वापस आते समय ट्रक को देखा तो अज्ञात चोर ट्रक के कंडक्टर साइड के ग्लास को तोड़कर 2 तिरपाल, पाना, जेक राड, टायर लिवर, फैन बेल्ट, म्युजिक सिस्टम के अलाव विभिन्न साइजों का पाना चोरी कर ले गया ।

### अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत

**भिलाई 7 जुलाई।** सुपेला थाना अंतर्गत नए अंडर ब्रिज के पास एक अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सुपेला स्थित मरच्युरी रखवा दिया है। साथ ही उसकी पहचान के लिए आसपास के थानों से जानकारी जुटाई जा रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि सुपेला अंडर ब्रिज के ऊपर दुर्ग से रायपुर की डाउन लाइन के पास शुक्रवार को महिला का शव मिला करीब 50 वर्षीय महिला के पास उसकी पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिले मर्ग कायम कर परिजनों की तलाश की जा रही है।

### बीएसएफ जवान के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई 7 जुलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र बीएसएफ जवान के साथ लिव इन रिलेशसनशिप में रहने वाली महिला की आत्महत्या मामले में पुलिस ने जवान के खिलाफ धारा 306 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है सुपेला पुलिस ने बताया कि मृतका पिंकी सिंह उर्फ ऐपी निगुबा (27वर्ष) मूलत असम की रहने वाली थी मृतका बीएसएफ में पदस्थ संतोष सिंह के साथ इंदिरा नगर सुपेला स्थित एक मकान में किराए पर रह रहे थे सभी लोगों को उसे जवान ने अपनी पत्नी बताया था 20 जून की रात करीब 10.30 बजे पिंकी सिंह खाना खाकर संतोष सिंह को टहलने की बोलकर किराए के मकान की दूसरी मंजिल पर चली गई करीब 11 बजे मकान मालिक हरिओम ने संतोष सिंह को कॉल कर पत्नी के फंदे पर लटकी होने की जानकारी दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका पिंकी सिंह का शव फांसी के फंदे से नीचे उतारा और पीएम के लिए भेज दिया। इस बीच पुलिस मर्ग कायम क जांच शुरू कर दी जांच में पाया गया कि आरोपी पहले से शादीशुदा था।

### कुंजामटोला में निकाली गई साक्षरता जागरूकता रैली

**मोहला 7 जुलाई।** जिले के मोहला ब्लॉक के ग्राम कुंजामटोला में आज उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की जागरूकता हेतु स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में गांव के असाक्षर को साक्षर होने के लिए उल्लास साक्षरता केंद्र में आने की अपील किया गया। असाक्षरों को साक्षर करने के लिए प्रत्येक ग्राम में सामाजिक जन चेतना केंद्र बनाया गया है, जहां पठन - पाठन की गतिविधि संचालित होगा। इस प्रकार ग्राम कुंजामटोला में उल्लास साक्षरता केंद्र बनाया गया जहां स्वयं सेवी शिक्षक, असाक्षर को साक्षर करने का कार्य पठन पाठन के माध्यम से जारी है। केंद्र एवं राज्य सरकार की इस योजना से 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी असाक्षर महिला एवं पुरुष को सामाजिक चेतना केंद्र में स्वयं सेवी शिक्षक द्वारा शिक्षित किया जायेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर उल्लास कार्यक्रम नव भारत साक्षरता संचालित है। जिसके अंतर्गत असाक्षरों को गांव के मोहल्ले में ही जन चेतना केंद्र के माध्यम से साक्षर किया जा रहा हैं । उक्त जागरूकता रैली में राजेंद्र कौरे सरपंच ग्रा पं कुंजामटोला, फत्तेराम कोसरिया जिला शिक्षा अधिकारी, राजेंद्र कुमार देवांगन विकासखंड शिक्षा अधिकारी, दरबन बोगा जिला साक्षरता नोडल, केवल राम साहू ब्लॉक साक्षरता नोडल, अजिताभ वर्मा ,मलेश मालेकर संकुल समन्वयक सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकगण एवं शिक्षक शामिल हुए।

### कलेक्टर ने उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल संचालन के संबंध में ली बैठक

**राजनांदगांव 7 जुलाई ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल संचालन के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर ने कार्यक्रम अंतर्गत स्वयंसेवी शिक्षकों एवं असाक्षरों के पंजीयन का सर्वे करने एवं पोर्टल में एंट्री के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षार्थी एवं स्वयंसेवी का चिन्हाकन तथा डाटा एंट्री की समीक्षा की। उल्लास कार्यक्रम के लिए उत्साहित करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने तथा उल्लास साक्षरता केंद्र का चिन्हांकन कर आकर्षक बनाने कहा। उन्होंने सितंबर 2024 एवं मार्च 2025 में राष्ट्रीय आकलन परीक्षा की तैयारी की समीक्षा की। बैठक में बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशन में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय एवं समग्र शिक्षा के समन्वय से उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को साक्षरता स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में कार्य करने पर तथा 10 शिक्षार्थियों को साक्षर किए जाने पर 10 अंक बोनस प्रदान किया जाएगा।

# पानी का बचाव हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 7 जुलाई।** जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के लिए जिले में 05 से 13 जुलाई तक जल मड़ई सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज धमधा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हसदा के शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में जल मड़ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जल मड़ई के अंतर्गत पौधरोपण के साथ ही जल संरक्षण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जल है तो कल है, क्योंकि पानी के बिना पृथ्वी पर किसी का भी जीवित रहना असंभव है। पानी व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि इसके बिना कई गतिविधियाँ पूरी नहीं की जा सकतीं। फिर भी व्यक्ति इसे बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ता है। जल हम बना नही सकते, लेकिन बचा तो सकते हैं। जल और वृक्ष जीवन का अमूल्य आधार है।

जल मड़ई कार्यक्रम में महिलाएं एवं स्कूल के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जल प्रहरी श्री नीरज वानखेड़े द्वारा जल सरंक्षण की दिशा में जल को सहेजने हेतु सोकपीट रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि को मॉडल का उपयोग कर एवं खेल के जरिए बताया कि जल संरक्षण का



भविष्य सिर्फ़ हमारे हाथों में ही है। वीडियो के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि जल मड़ई का उद्देश्य पानी की बर्बादी को कम करना और उसके कुशल उपयोग को बढ़ावा देना है। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है, ऐसे में हमें पानी का जरूरत अनुसार उपयोग करना चाहिए। पानी का पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग से हम पानी की बचत कर सकते है। घरेलू उपयोग के बाद बचे हुए पानी को बागवानी या अन्य कार्यों में पुनः उपयोग किया जा सकता है। सामुदायिक स्तर का अभियान है, लोगों को जागरूक होना होगा और जल संरक्षण के महत्व को समझना होगा। हमें यह समझना होगा कि पानी का बचाव हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बारिश के पानी को जमा करने का एक तरीका होता है, यह किसी भी सतह पर गिरने वाला बारिश का पानी हो सकता है। इस पानी को बाद में फिल्टर किया जाता है और फिर इस्तेमाल करने के लिए जमा कर दिया जाता है। इस तरह पानी की हार्वेस्टिंग करने से पानी का लेवल दोबारा पहले जैसा नॉर्मल हो जाता है, जिससे यह पानी बर्बाद होने से बच जाता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शासकीय प्राथ./पूर्व माध्यमिक शाला हसदा के प्रांगण में पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए आम का पौधा लगाया एवं बच्चों को इसकी देखभाल करने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अश्वनी देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव, एसडीएम धमधा श्री सोनल डेविड, जनपद सदस्य श्री जितेन्द्र साहू उपस्थित थे।

# भोरमदेव शक्कर कारखाने के पूर्व डायरेक्टर के घर चोरी करने वाले पकड़ाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 7 जुलाई।** प्रार्थी भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लखेश्वर चन्द्रवंशी निवासी कचहरी पारा कवर्धा का थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 01/05/2023 को परिवार के सभी सदस्य भतीजी की शादी कार्यक्रम में जी-श्याम पैलेस चले गये थे, घर पर कोई नही था। दिनांक 02/05/2023 को सुबह घर वापस आकर देखे तो घर के अन्दर कमरों का ताला टूटा हुआ था,कमरों के अन्दर रखे आलमारी को तोड़कर अज्ञात चोर लगभग 44 तोला सोने के गहने और 177 तोला चांदी के गहने तथा नगदी 7,45,000/- कुल कीमती 30,00,000=00 रूपए को चोरी कर ले गया है कि सूचना पर थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक- 275/2023 धारा 457, 380 भावि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार(भा.पु.से.), अति.पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुर्वेदी के द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित कर आरोपी पतासाजी हेतु एक विशेष टीम गठित किया गया टीम द्वारा आसपास पतासाजी किया जा रहा था पतासाजी दौरान मुखबीर से सूचना मिली की उक्त चोरी की घटना को दीपक चन्द्रवंशी अपने साथी प्रफुल्ल चन्द्रवंशी, एवं अभिषेक चन्द्रवंशी के साथ मिलकर किया है। मुखबीर से प्राप्त सूचना पर संदेही दीपक चन्द्रवंशी, प्रफुल्ल चन्द्रवंशी और अभिषेक चन्द्रवंशी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लेने पर दीपक ने अपने मेमोरेण्डम कथन मे बताया कि दिनांक 01/05/2023 की दरम्यानी रात में कचहरीपारा कवर्धा स्थित विनोद-लक्की चन्द्रवंशी के घर में घुसकर कमरों का ताला तोड़कर कमरों के अन्दर रखे आलमारी का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने और नगदी 7,45,000/-रूपए चोरी कर ले जाना,चोरी में मिली नगदी 7,45,000/- रूपए में से दीपक चन्द्रवंशी द्वारा 3,15,000/- रूपए रखना और 2,15,000/- रूपए प्रफुल्ल तथा 2,15,000/- रूपये अभिषेक को देना तथा चोरी वाले सोना-चांदी के गहनों मे से 03 सोने का अंगूठी और 01 जोड़ी चांदी का पायल को दीपक अपने पास रखकर प्रफुल्ल को 01 नग सोने का चैन को तथा 04 नग सोने का मांगटीका, 02 नग सोने का अंगूठी को अभिषेक को देना बाकी सोने-चांदी को बेचकर उससे मिले रूपया को आपस में बटवारा करेंगे कहकर रात में ही गहनों को वही घर से लगे बोर के पास जमीन में गाड़ देना और कुछ दिन बाद गहनों को बोडला निवासी रवि कश्यप के माध्यम से रतलाम में बेच देना और बिक्री से प्राप्त रकम 10,00,000/- रूपए में से 01 लाख रूपए अपने मामा रवि कश्यप को देना बताया तथा 09 लाख रूपए में से 03 लाख रूपये दीपक अपने पास रखा तथा 03-03 लाख रूपये प्रफुल्ल और अभिषेक चन्द्रवंशी को देकर आपस में बांट लेना बताये हैं। इन तथ्यो की पुष्टि प्रफुल्ल व अभिषेक ने भी अपने अपने मेमोरेण्डम कथन मे की है! प्रकरण सदर में आरोपियों की स्वीकारोक्ति पश्चात् उनकी निशानदेही पर चोरी की राशि से खरीदे गये वाहन मारूति स्विफ्ट क्रमांक छ्त.09-छ्क्त-9311, मारूति स्विफ्ट क्रमांक छ्त09-छ्क्क6505, 01 स्कूटी वाहन क्रमांक- छ्त09-छ्क्त4097, 01 नग एलईडी टीवी, सोने की अंगूठियां, चैन, मांगटीका, तथा नगदी राशि 5,99,000=00 रूपए एवं घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी क्रमांक ङ्क छ्त09-छ्क्क1433 को जप्त किया गया है।

## नेशनल लोक अदालत की सुनवाई 13 जुलाई को

**दुर्ग, 7 जुलाई।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय दुर्ग, परिवार न्यायालय दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत दुर्ग तथा किशोर न्याय बोर्ड, व तहसील व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 पाट व धमधा में आयोजित की जाएगी। उक्त तिथि को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारी अपने अंतिम चरण में है जिसके तहत आपसी राजीनामा योग्य आपराधिक मामलें, सिविल मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामलें, परिवार न्यायालय में पारिवारिक विवाद के प्रकरण, श्रम न्यायालय के प्रकरण, स्थायी लोक अदालत में जनोपयोगी सेवा से संबंधित लगभग कुल 8078 मामले एवं बैंक वित्तीय संस्था/विद्युत/दूरसंचार के बकाया राशि के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने के पूर्व प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व के प्रकरण सहित लगभग 11088 मामलें सुनवाई हेतु रखे गये है। जिससे 13 जुलाई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में प्रकरण निराकृत होने की संभावना है। 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में चिन्हांकित कर रखे गये मामलों की सुनवाई हेतु जिला न्यायालय दुर्ग परिवार न्यायालय दुर्ग व्यवहार न्यायालय तहसील भिलाई-3, पाटन, धमधा एवं किशोर न्याय बोर्ड, जनोपयोगी सेवा से संबंधित स्थायी लोक अदालत तथा श्रम न्यायालय के लगभग कुल 38 खण्डपीठ का गठन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग के निर्देशानुसार गठित की जावेगी है।

## शासकीय नवीन प्राथमिक शाला केसरा में शिक्षक पालक मासिक बैठक आयोजित

**भिलाई 7 जुलाई।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला केसरा में शिक्षक पालक मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पालको को श्रेष्ठ पालकत्व, एफ एल एन मिशन, जादुई पिटारा, नई शिक्षा नीति, अंगना म शिक्षा, न्योता भोजन, माता उन्मुखीकरण, मां के नाम एक पेड़ अभियान आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पालकों को प्रति दिन घर पर बच्चों को पढ़ने की संस्कृति विकसित करने के लिए शिक्षकों द्वारा प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय से जुड़कर काम करने की गुजारिश की गई ।शाला विकास योजना में भरपूर सहयोग की बात पालकों ने कही, साथ ही पालकों ने यह भी कहा कि वे एफ एल एन गांव बनाने का प्रयास करेंगे। यह बैठक शिक्षक नारायण प्रसाद साहू, अनकेश्वर प्रसाद महिपाल, हेमंत कुमार सेन, चेतन लाल साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस बैठक में



द्वारिका सिन्हा, बेनीराम निषाद, चेतन ठाकुर, सुखदेव, गोपी चक्रधारी, चेतन ठाकुर, नेमसिंग पाल, सुखदेव निषाद, महावीर सिन्हा, जयश्री सिन्हा, वासिनी निषाद, धनेश्वरी निषाद ,अंजली सिन्हा,आशा निषाद, पद्?मा निषाद आदि पालकगण उपस्थित रहे।

# शालेय वार्षिक गतिविधियों के कैलेंडर का विमोचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 7 जुलाई।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला उतई में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के वार्षिक शालेय गतिविधियों का कैलेंडर का विमोचन मुख्य अतिथि सांसद माननीय विजय बघेल जी,अध्यक्षता विधायक माननीय ललित चंद्राकर जी,अहिवारा विधायक डोमन लाल कोसेवाडा के द्वारा किया गया।शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के नवाचारी शिक्षक गिरीश साहु ने साथी शिक्षको की मदद से पिछले साल की गतिविधियों को शामिल करते हुए और स्कूल में दी जाने



वाली सारी सुविधाओ का उल्लेख करते हुए शालेय गतिविधियों का कैलेंडर का निर्माण करवाया इस कार्य में ग्राम खोपली के समाजसेवी फत्ते लाल वर्मा,ताराचंद साहु ,जनार्दन साहु ,सुरेंद्र वर्मा ने सहयोग किया ।शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के इस शालेय गतिविधि कैलेंडर की सभी अतिथियों ने प्रशंसा किया और शिक्षा के क्षेत्र में छात्र छात्राओं, पालक व शिक्षक को जोड़ने के लिए एक मुख्य उपलब्धि बताया ।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा भुनेश्वर यादव , जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर,जनपद अध्यक्ष माननीय देवेंद्र देशमुख,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष झमित गायकवाड ,नगर पंचायत उतई अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी,पार्षद सरस्वती नरेंद्र साहु,जिला मंत्री रोहित साहु,उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,मंडल महामंत्री सोनू राजपूत,लक्ष्मीनारायण साहू,खूबी साहू,प्रधानपाठक श्री सी. एल.रघुवंशी , एच.सी.देवांगन आदि उपस्थित थे।

# झलमला में खुला एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 7 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक पल्लव (भा पु से) एवं अति पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भा पु से) के निर्देशन में संजय ध्रुव उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन एवं थाना प्रभारी संतोष ठाकुर के प्रयासों से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना झलमला अंतर्गत झलमला खास में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया जिसका आज दिनांक 06.07.2024 को शुभारंभ किया गया।ग्राहक सेवा केंद्र के खुलने से आसपास के ग्रामों को अनेक फायदे होंगे और विकासमूलक प्रगति होगी। इस केंद्र की स्थापना से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी, जिससे समय और यात्रा की बचत होगी। बैंकिंग सेवाओं जैसे पैसे जमा करना, निकालना, खाते की जानकारी, लोन की सुविधा आदि ग्रामीणों को उनके नजदीक ही मिलेंगी।इसके अलावा, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सुरक्षा और अपराध नियंत्रण में भी सुधार होगा। ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्थानीय व्यवसायों और



उद्यमियों को बैंकिंग सेवाओं की सुविधा मिलने से वे अपने व्यापार को बढ़ा सकेंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। क्षेत्र में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता बढ़ेगी, जिससे ग्रामीणों को नई तकनीकों और सेवाओं का लाभ मिलेगा।

सामुदायिक पुलिसिंग और बैंकिंग सेवाओं के साथ, ग्रामीणों को जागरूकता कार्यक्रमों, स्वास्थ्य शिविरों और शैक्षिक कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। इस प्रकार, ग्राहक सेवा केंद्र की स्थापना से झलमला और आसपास के ग्रामों को आर्थिक, सामाजिक और विकासमूलक लाभ प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा और ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊंचा होगा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्टेट बैंक चिल्फी के शाखा प्रबंधक चित्रधर मेरावि, मुकेश साहू ठ्ठद्बष्ह्ल, कबीरधाम जिला प्रबंधक, उपपुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, संतोष ठाकुर थाना प्रभारी झलमला, ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक मिथिलेश पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष संत राम धुर्वे, छतर भगत, समनापुर से संत कुमार मरावी, समारू बैगा कुमान एवं खेल समिति के सदस्य क्षेत्र से आए हुए सम्मानित लोग उपस्थित थे।

### कलेक्ट ने ली जल ग्रहण कार्यो की समीक्षा बैठक

**मोहला 7 जुलाई।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में चल रहें जल ग्रहण क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित कार्यो को डीएलएमसी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके साथ ही जिले के अंतर्गत अं.चौकी एवं मानपुर में न्यू जनरेशन वाटरशेड डेवल्पमेंट प्रोजेक्ट में 2021-22 से क्रमशः 14 एवं 16 ग्रामों में जल ग्रहण क्षेत्र विकास अंतर्गत जल संवर्धन एवं संरक्षण संबंधी संरचानाओं का निर्माण संबंधित अधिकारी अं.चौकी एवं मानपुर द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत रिज टू वेली अवधारणा के आधार पर बोल्डर चेक, गेबियन, सी.पी.टी., स्टेगर्ड कंटूर तथा पौधा रोपण जैसे विकास मूलक कार्यो का निर्माण एवं संचालन संबंधित विषय में विस्तृत समीक्षा किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने जल ग्रहण के सभी कार्यो का सतत अवलोकन एवं निरीक्षण करने तथा योजना को मार्गदर्शिका अनुसार कार्यो को संचालित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### भिलाई निगम क्षेत्र में चलाया गया महाअभियान ड्राई डे



**भिलाई 7 जुलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में रविवार के दिन 10:00 बजे से 11:00 बजे के बीच में सभी नागरिक एक साथ मिलकर चलाएंगे ड्राई डे। इस अभियान में जुड़ने के लिए विधायक रीकेस सेन, देवेंद्र यादव महापौर नीरज पाल, कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी, नगर निगम कमिश्नर देवेश ध्रुव, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अजय भसीन फाइट द बाइट संयुक्त अभियान से सबको जुड़ने के लिए आवाहन किए हैं। संयुक्त अभियान में रविवार के दिन सुबह 10ः00 बजे से 11ः00 तक प्रत्येक नागरिक अपने घर की साफ-सफाई करेगा। अपने घर के कुलर, गमले, फ्रिज के नीचे का ट्रे ,पानी का नाद, एवं अन्य स्थल जहां पर भी पानी जमा होने की संभावना है, पूरी तरह साफ करके, सुखा के, फिर उसमें पानी भरा जाएगा। तभी ड्राई डे का अभियान सफल होगा। फाइट द बाइट अभियान के अंतर्गत किसी भी प्रकार के मच्छर के लार्वा पाए जाने पर पानी को सुखे में गिरा देना है। उसमें जला मोबाइल डाल देना है या निगम से मिली हुई टेमी फास् की दवा को डालेंगे। यही प्रयास होगा कि डेंगू मलेरिया मच्छर जनित बीमारी न फैले। इस अभियान में एक विशेष प्रतियोगिता है, सभी लोग सफाई करके अपना फोटो सोशल मीडिया में डालेंगे नगर निगम भिलाई के साइड में पोस्ट करेंगे। जिससे दूसरे के लिए प्रेरणा स्रोत हो। महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों माता एवं बहनों खिलाड़ियों से स्कूल कॉलेज के बच्चों व्यापारियों से सामूहिक आवाहन की है, कि हम सब मिलकर के एक घंटा अपने परिवार के लिए, अपने अड़ोस-पड़ोस अपने घर के लिए ,श्रमदान करेंगे। अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करेंगे। नगर निगम भिलाई के सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने घरों में साफ सफाई करेंगे। उसकी पोस्ट निगम के फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम में डालेंगे। सबको प्रेरित करेंगे। जनसंपर्क विभाग, नगर पालिका निगम, भिलाई।

### एएसपी ने किया दुर्ग जंक्शन में मॉक ड्रिल



**भिलाई 7 जुलाई।** दुर्ग जंक्शन में रविवार को हड़कंप मच गया सौ से ज्यादा पुलिसकर्मियों और बम निरोधक दस्ते के साथ एएसपी रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां आरपीएफ जीआरपी और जिला पुलिस बल ने रेलवे स्टेशन के चप्पे-चप्पे पर छान मारा वहीं यात्रियों के बैग जांचने के साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। एएसपी सुखनंदन राठौर के नेतृत्व में पहुंची टीम ने लगभग दो घंटे तक दुर्ग जंक्शन की जांच की पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले देश के सभी रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी इसी सूचना पर अलर्ट होते हुए रविवार को मॉक ड्रिल किया गया है बैंग्लोर जाने निकली छह लड़कियों को पुलिस ने पकड़ा रेलवे स्टेशन की जांच के दौरान पुलिस ने कई यात्रियों से भी पूछताछ की। इसी बीच छह लड़कियां और दो लड़के बैंग्लोर जाने के लिए निकले थे। जब उनसे पूछा गया तो बताया कि बैंग्लोर जॉब के लिए जा रहे हैं। जब पुलिस ने उनके ऑनर से बातचीत करना चाहा तो बैंग्लोर में बैठे ऑनर ने बातचीत करने से इनकार कर दिया पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से लड़कियों के परिजनों को भी सूचना दी है। रेलवे स्टेशन की जांच के दौरान डीएसपी चंद्र प्रकाश तिवारी, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, मोहन नगर टीआई मोनिका पांडेय के साथ सौकड़ों की संख्या में पुलिस टीम मौजूद थी

### जिले में अब तक 118.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग, 7 जुलाई।** जिले में 01 जून से 06 जुलाई तक 118.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 229 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 61.4 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 84.1 मिमी, तहसील धमधा में 65.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 102.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 167.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 06 जुलाई को तहसील दुर्ग में 2.8 मिमी, तहसील धमधा में 1.2 मिमी एवं तहसील भिलाई 3 में 7.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।



**उतई 7 जुलाई।** पीएम केवी वाय के तरफ से सोलर पंप टेक्नीशियन 21 दिवसी कोर्स पी एच डी कंप्यूटर ट्रेनिग इंस्टिट्यूट में सुचारू रूप से संपन्न हुआ है जिसमे ग्रामीण अंचल के 80 अभ्यर्थी को प्रशिक्षण दिया गया जिसके संचालन कर्ता श्री देवेन्द्र भारती के द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उतई में आयोजित किया गया था इसके तहत इन अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र दिया गया जिससेअपना स्वरोजगार स्थापित करने में मदद मिली है।

# शिक्षा सामाजिक परिवर्तन की धुरी है: तोखन साहू



**रायपुर, 7 जुलाई।** आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री तोखन साहू आज बिलासपुर स्थित बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दयालबंद में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने की। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को माला पहनाकर, तिलक लगाकर गणवेश और पाठ्यपुस्तक का वितरण किया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा स्कूली बच्चों को गणवेश और पाठ्यपुस्तक का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्य के प्रति जागरूक होता है और बेहतर नागरिक बन पाता है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि शिक्षा, सामाजिक परिवर्तन की धुरी है। सामाजिक बदलाव और तरक्की के लिए शिक्षा जरूरी है। हम सब चाहते हैं कि आगे बढ़े और हमारा समाज भी आगे बढ़े। यह शिक्षा के जरिए ही संभव है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को बच्चों को पूरे मनोयोग से शिक्षा हासिल करने और देश का योग्य नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने सभी बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव पर शुभकामनाएं दी और बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने कहा। श्री साव ने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर बेहतर नागरिक और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनें। हम सबको मिलकर प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा दिलाने में अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा हासिल कर हम सबके बच्चे इतने काबिल और होनहार बनें, कि छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करें।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बिलासपुर विधायक श्री अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला, श्री रामदेव कुमावत, कलेक्टर श्री अवनीश शरण, एसपी श्री रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री आरपी चौहान एवं बाल अतिथि के रूप में नन्हीं सुमन बैगा और अंशिका लालवानी मौजूद थे। प्रवेशोत्सव के इस रोचक कार्यक्रम में बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी।

शाला प्रवेशोत्सव के मौके पर बच्चों के लिए न्योता भोज कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। समग्र शिक्षा की डीएमसी श्रीमती अनुपमा राजवाड़े ने अपनी शादी की 25वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में बच्चों को न्योता भोज दिया। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव सहित मौजूद अतिथियों ने बच्चों को अपने हाथों से भोजन परोसा। अतिथियों ने भी बच्चों के साथ पंगत में बैठकर भोजन किया।

## एक नजर

### 3 अपचारी बालिका को 24 घंटे के अंदर अभिरक्षा में लिया गया

**राजनांदगांव 7 जुलाई।** 5 जुलाई को बालिका संप्रेक्षण गृह राजनांदगांव से शाम करीबन 08 बजे 03 अपचारी बालिका फरार हो गई थी, जिस पर पुलिस कप्तान श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन पर फरार अपचारी बालिकाओ का पता तलाश हेतू निर्देशन पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा टीम गठित कर सायबर टीम की सहायता से फरार 03 अपचारी बालिकाओ का नागपुर महाराष्ट्र लकडगंज थाना क्षेत्र से अभिरक्षा मे लिया गया उक्त् कार्यवाही मे निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन , आर0 प्रवीण मेश्राम आर0 मोहसीन खान , म0आर0 पेमिन कतलाम की भूमिका सराहनीय रही।

### अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कार्रवाई जारी

**राजनांदगांव 7 जुलाई।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ ,सटटा पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा थाना बसंतपुर स्टाफ के मुखबीर की सुचना के आधार पर रेड कार्यवाही कर इंदिरा नगर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव मे अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश करने वाले आरोपी ड्ड केवल वर्मा पिता ननकु वर्मा उम्र 27 साल निवासी इंदिरा नगर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव से 20 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 3.600 बल्क लीटर कीमती 1800 रूपये एवं शराब बिक्री रकम जप्त किया गया। आरोपी के विरूध थाना बसंतपुर मे अप0क्र0 309/2024 धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया उक्त् कार्यवाही मे निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन , उप निरीक्षक देवादास भारती, प्र0आर0 592 राजेश परिहार , आरक्षक क्रमांक 781 आदित्य सोलंकी, आरक्षक क्रमांक 1412 राजेश बंदेश्वर की भूमिका सराहनीय रही।

### अवैध रूप से परिवहन करते हुए 12.090 बल्क लीटर मदिरा जब्त

**राजनांदगांव 7 जुलाई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा शेरा ढाबा ग्राम सड़क चिरचारी थाना बागनदी में गजेन्द्र प्रसाद मौर्या के कब्जे से देशी मदिरा संत्री नंबर 1 (महाराष्ट्र) 46 नग पाव, गोवा व्हिस्की (मध्यप्रदेश) 13 नग पाव, रायल स्टेज व्हिस्की (महाराष्ट्र) 4 नग पाव, मेकडॉवल नंबर 1 व्हिस्की (महाराष्ट्र) 2 नग बोतल में 0.400 एमएल भरा हुआ कुल 66 नग पाव कुल मात्रा 12.090 बल्क लीटर अवैध रूप से चार पहिया वाहन मारूती सूजकी वेगनआर क्रमांक एमएच 27 एच 7430 पर परिवहन करते हुए जप्त किया गया। आरोपी को आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं स्टाफ श्री निजाम शाह ठाकुर, श्री नागेश निषाद, श्री अनिल सिन्हा शामिल थे।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

### भाजपा सरकार में अवैध वसूली: वैष्णव

**राजनांदगांव 7 जुलाई।** जिला किसान कांग्रेस



महामंत्री राजनांदगांव योगेन्द्र दास वैष्णव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा सरकार जब से बना है अवैध वसूली करने प्रतिदिन अखबार एवं सोशल मीडिया समाचार आ रहा विकास खण्ड अधिकारी जैसे 10 हजार से 50 हजार में रंगे हाथों पकड़ा जा रहा लेकिन हजारों अधिकारी खुला खुला अवैध वसूली लगा है कमीशन किसको जाता है पता जिलाधिकारी से प्रदेश अधिकारी होना चाहिए अधिकतर विभाग ने कमीशन के चक्कर में आम जनता काम नहीं आम बात हो गया है आने समय पंचायत चुनाव में भाजपा सरकार पदाधिकारी को कमीशन चक्कर में हाथ धोना पड़ेगा पंचायत चुनाव से नींव मजबूत रहता नींव ढह जाएगा मजबूत होना मुश्किल हो जाएगा भाजपा सरकार करनी और कथनी अंतर आम जनता समझ चुका है।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को रथयात्रा की दी बधाई

**रायपुर, 7 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ से सभी नागरिकों की शांति ,सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। श्री साय ने रथयात्रा की पूर्वसंध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा है कि भारत में महाप्रभु जगन्नाथ के धाम पुरी सहित सभी स्थानों में रथयात्रा निकाली जाती हैं। यह भारत की मजबूत सांस्कृतिक एकता और सौहार्द्र का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्राचीन काल से ही छत्तीसगढ़वासियों की भगवान जगन्नाथ में गहरी आस्था रही है। उत्कल समाज के साथ सभी छत्तीसगढ़वासी प्रतिवर्ष भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा की रथयात्रा निकालते हैं।

## सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने किया हेरिटेज वॉक का आयोजन

**सिरपुर 7 जुलाई।** सिरपुर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) ने भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय के छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय रायपुर के सहयोग से 06 जुलाई 2024 को सिरपुर में एक आकर्षक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 लोगों ने महत्वपूर्ण भागीदारी की, जिसमें सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिरपुर के युवा पर्यटन क्लब के उत्साही सदस्य भी शामिल थे। इस पहल ने न केवल स्थानीय हितधारकों को शामिल किया, बल्कि सिरपुर की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को जानने के लिए उत्सुक आगंतुकों की भी रुचि को आकर्षित किया। सिरपुर साडा के सीईओ श्री वाई. राजेंद्र राव ने स्कूली छात्रों पर हेरिटेज वॉक और शैक्षिक पर्यटन के गहन प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये अनुभव हमारे देश की विविध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री और ऐतिहासिक विरासत के बारे में अमूल्य प्रत्यक्ष अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं, जो पारंपरिक शिक्षण विधियों से परे है। हेरिटेज वॉक का नेतृत्व हेरिटेजवाला के संस्थापक श्री शिवम त्रिवेदी ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को सिरपुर के गौरवशाली अतीत से परिचित



कराया, इसके वास्तुशिल्प आकर्षणों और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। भारत पर्यटन, रायपुर के प्रबंधक श्री मयंक दुबे ने उपस्थित लोगों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की, उन्हें आस-पास के पर्यटक आकर्षणों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर डाला। श्री दुबे ने ट्रैवल फॉर लाइफ़ शपथ भी दिलाई, जिसमें प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता को बनाए रखने वाली जिम्मेदार यात्रा प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिरपुर के प्राचार्य श्री ज्योतिष चौधरी ने युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों के लिए हेरिटेज वॉक के आयोजन में सिरपुर साडा और पर्यटन मंत्रालय द्वारा की गई पहल की सराहना की। उन्होंने छात्रों को समृद्ध अनुभव प्रदान करने के प्रयास की सराहना की, जिससे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत के बारे में उनकी समझ गहरी होगी।

प्रतिभागियों, विशेष रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिरपुर के छात्रों में उत्साह स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने इस तरह के और अधिक ज्ञानवर्धक अनुभवों की तीव्र इच्छा व्यक्त की। आगंतुकों ने भी समान रूप से आकर्षित होकर भविष्य की विरासत यात्राओं में गहरी रुचि दिखाई, जो छत्तीसगढ़ के कम-ज्ञात ऐतिहासिक खजानों पर प्रकाश डालती हैं, जो राज्य की सांस्कृतिक विरासत के लिए बढ़ती जागरूकता और प्रशंसा का संकेत है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रशंसा के प्रतीक के रूप में भारत पर्यटन चिन्हित नोटबुक्स एवं कैप्स और पौष्टिक जलपान प्रदान करके समाप्त हुआ।

## पुष्प वाटिका में हाईटेक शौचालय निर्माण के लिये सांसद एवं महापौर ने किया भूमि पूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 जुलाई।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 योजनांतर्गत पुष्पवाटिका में हाईटेक शौचालय निर्माण के लिये आज आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री संतोष पाण्डे ने महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। भूमिपूजन में राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष श्री रमेश पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भारत वर्मा, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु,सांसद प्रतिनिधि श्री देवशरण सेन, जिला पंचायत सदस्य श्री राजेश श्यामकर सहित वार्ड पार्षद श्रीमती खेमीन यादव, पार्षद श्री शिव वर्मा व श्री गगन आईच, पूर्व पार्षद श्री शेखर यादव, पार्षद प्रतिनिधि श्री राजेश यादव व श्री आशीष डोंगरे के अलावा समाजसेवी श्री रघुवीर वाधवा, श्री आलोक श्रोति, श्री आकाश चोपड़ा व श्री योगेश बंजारे विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर सांसद श्री पाण्डे ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत हॉईटेक शौचालय का निर्माण यहा किया जावेंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता से देश के लोगों को जोडा, इससे लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई, श्री मोदी जी ने घर घर शौचालय निर्माण की योजना लागू की जिसका लाभ मिला और हर घर शौचालय का निर्माण हुआ। जिससे खुले में शौच की प्रथा बंद हुई और गंदगी से भी निजात मिला।



महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि नगर निगम द्वारा पुष्पवाटिका में हाईटेक शौचालय निर्माण करने आज भूमिपूजन किया जा रहा है। महिला एवं पुरूष के लिये 10 सीटर सर्वसुविधायुक्त शौचालय का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत हाईटेक शौचालय निर्माण की इस योजना से आधुनिक शौचालय का लाभ लोगों को मिलेगा। पुष्पवाटिका में प्रतिदिन हजार की संख्या में भ्रमण, योगा,खेलकूद व मनोरंजन के लिये आते है, हाईटेक शौचालय बनने से उन्हें भी सुविधा मिलेगी। इसका निर्माण अतिशीघ्र गुणवत्ता के साथ किया जायेगा। भूमिपूजन के पूर्व वार्डवासियों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया, तत्पश्चात अतिथियों ने पूजा अर्चनाकर, पट्टिका का अनावरण कर, गैती चलाकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती, उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### कुलबीर ने आटो चालकों का उत्साह बढ़ाया

**राजनांदगांव 7 जुलाई।** स्थानीय रेलवे स्टेशन में शनिवार 06 जुलाई को डीजल आटो संघ के नवीन कार्यालय का उदघाटन हुआ। समारोह में बतौर अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल होकर आटो चालकों का उत्साह बढ़ाया। डीजल आटो संघ द्वारा आटो संघ कार्यालय का स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास बनाया है। जिसका उदघाटन शनिवार 06 जुलाई को अतिथियों द्वारा किया गया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा कार्यालय के समीप स्थित श्री हनुमान जी लला मंदिर में पूजा अर्चना कर नवीन कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन किया गया। समारोह में बतौर अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए। इस दौरान श्री छाबड़ा ने आटो चालकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप शहर के जिम्मेदार नागरिक के साथ-साथ शहर की सुरक्षा कवच हो, आप लोगों से ही दूर बाहर से आने वाले यात्रियों को उस शहर की आबो हवा का ज्ञान होता है, क्योंकि जब भी कोई शहर आता है तो सबसे पहले आटो चालकों से रूबरू होकर स्थान के साथ-साथ वहां के वातावरण की जानकारी लेता है।



## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आम जनता की समस्याओं के समाधान की दिशा में कारगर- सांसद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 जुलाई ।** सांसद श्री संतोष पाण्डेय आज जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की आवश्यकता एवं समस्याओं के समाधान तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए डोंगरगढ़ विकासखंड के दूरस्थ ग्राम बोरतलाब में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, पूर्व विधायक श्री विनोद खांडेकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भरत वर्मा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और हितग्राहियों को मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा



ने गोदभराई कार्यक्रम में गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्न-प्राशन्न किया गया। कृषि विभाग द्वारा कृषकों को स्प्रेयर, शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को निःशुल्क सायकल, पाठ्यपुस्तक व गणवेश, उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधा व बीज, पुलिस विभाग द्वारा बच्चों को कापी-पेन का वितरण किया गया। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा त्वरित लर्निंग लाइसेंस बनाकर वितरित किया गया। सांसद, विधायक डोंगरगांव एवं कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्कूल प्रांगण में पौधरोपण भी किया। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने शिविर में आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनसामान्य की समस्या के समाधान के लिए निरंतर कारगर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज यहां जनसामान्य की समस्याओं के समाधान तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता लाने एवं उन्हें लाभान्वित करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देने तथा योजनाओं से लाभान्वित करने स्टॉल भी लगाए गए हैं।

### भारत स्काउट गाइड्स ने महरानी लक्ष्मीबाई स्कूल में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

## स्काउट गाइड्स के क्रेडेटों को वृक्षों की सुरक्षा के लिये महापौर ने दिलाई शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 जुलाई।** भारत स्काउट गाइड्स के राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के निर्देश पर भारत राज्य स्काउट गाइड्स जिला इकाई द्वारा आज महरानी लक्ष्मीबाई स्कूल में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख के मुख्य आतिथ्य एवं स्काउट गाइड्स के राज्य उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र गोलछा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त श्री मयूख श्रीवास्तव, जिला सचिव श्री देवेन्द्र अम्बानी, आजीवन सदस्य श्री संतोष खण्डेलवाल व श्री महेश खण्डेलवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया, तत्पश्चात महरानी लक्ष्मीबाई स्कूल के प्रचार्या श्री



चेतराम वर्मा सहित शिक्षकों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती देशमुख ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। आज के इस आधुनिक युग मे बड़े बड़े उद्योग एवं इमारत व अन्य सुविध के लिये वृक्षो की कटाई तो की जाती है, लेकिन उस अनुपात में वृक्ष लगाये नही जाते। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ साथ इसकी सुरक्षा भी अत्यंत आवश्यक है। जिस प्रकार से आप बच्चों का पालन पोषण किया जाता है उसी प्रकार से पौधों की भी देख रेख करने से वह वृक्ष का रूप लेगा।

उपाध्यक्ष श्री गोलछा ने कहा कि वृक्ष के बिना जीवन संभव नही है। वृक्ष हमे छाया एवं शुद्ध वातावरण के साथ साथ हमारे भरण पोषण के लिये भी सहायक होते है। फलदार वृक्ष हमे स्वास्थ्यवर्धक विभिन्न फल देते है। उन्होंने कहा कि हम सबकों पौधो को अपने दोस्त की तरह रखना है। तभी ये पौधे बड़े होकर हमारी सहायता करेंगे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाये। वही महापौर श्रीमती देशमुख ने स्काउट गाइड्स के क्रेडेटों को पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्री वर्मा ने एवं संचालन व्याख्याता श्रीमती सरोज सिंह ने किया। इस अवसर पर महरानी लक्ष्मीबाई स्कूल सहित सर्वेश्वर दास स्कूल, बल्देवप्रसाद मिश्र स्कूल,ठा.प्यारेलाल स्कूल, शंकरपुर स्कूल, कन्हारपुरी स्कूल, पदुमलाल पुन्ना लाल बक्सी स्कूल, भानपुरी व सुरगी स्कूल के स्काउट गाइड्स के क्रेडेट बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### कुमारी योगांक्षा का हुआ नवोदय में चयन




**मोहला 7 जुलाई।** अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल गोपलिनचुवा की छात्रा कुमारी योगांक्षा भारद्वाज पिता स्वर्गीय श्री गौतम भारद्वाज का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय बारसुर (दंतेवाड़ा) में चयन हुआ। संस्था के प्राचार्य श्रीमती शारदा रामटेके , चंद्रवंशी सर (व्याख्याता) , कौशल सर (व्याख्याता) एवं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक हिरवानी सर, लांझेवार सर, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अजय अनुप रामटेके, योगेंद्र सिंहा, कमलेश भारद्वाज, प्रिंस सूर्यकांत रावटे,(सरपंच), ग्राम पंचायत गोपलिंचुवा , शिवम कोचिंग क्लासेज गोपलिंचूवा के डायरेक्ट लोशन कुमार भारद्वाज उपस्थित रहे पूर्व से ही कोचिंग क्लास के छात्रा रही है और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभ आशीर्वाद दिए।

### शिल्पकार की तरह शिक्षक गढ़ते हैं बच्चों का भविष्य: संतोष पाण्डेय




**राजनांदगांव 7 जुलाई।** सांसद श्री संतोष पाण्डेय पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान महापौर श्रीमती हेमा देशमुख विशेष रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश तथा सायकल का वितरण किया गया और विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित भी किया गया। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने सभी बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव की बधाई दी। उन्होंने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि जिस प्रकार छैनी हथौड़े से मूर्ति बनाया जाता है, उसी प्रकार शिक्षक बच्चों को शिक्षा-दीक्षा देकर शिल्पकार के रूप में बच्चों के भविष्य को गढ़ते हैं। सांसद ने बच्चों को इंजीनियर, न्यायधीश, राजनेता, पुलिस सहित प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। महापौर श्रीमती हेमा देखमुख ने सभी बच्चों को लगन से मेहनत कर पढ़ाई करने और आगे बढने् की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्या से ही विनम्रता आती है, ज्ञान मिलता है, जब ज्ञान मिलता है तभी सम्मान मिलता है। प्राचार्य ने संस्था की उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर श्री भरत वर्मा, श्री रमेश पटेल, श्री शिव वर्मा, श्री राजेश श्यामकर, श्री देव शरण सेन, श्री किशुन यदु, श्री गप्पू सोनकर, श्री रघुवीर वाधवा, श्री आकाश चोपड़ा, श्री आलोक श्रोती, श्री राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

### डॉ. मुखर्जी शुरू से धारा 370 के विरोधी थे: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 7 जुलाई ।** मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 लागू थी, जिसके तहत वहां अलग से दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का प्रावधान था। धारा 370 के कारण वहां केंद्र के कई प्रावधान लागू नहीं होते थे। अन्य राज्यों के लोग वहां जमीन नहीं खरीद सकते थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शुरू से धारा 370 के विरोधी थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 को समाप्त किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की थी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उस समय जम्मू कश्मीर जाने के लिए परमिट लगता था। परमिट तोड़कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर प्रवेश किया। जिसके फलस्वरूप उन्हें जेल में डाल दिया गया। जेल में ही उनका देहावसान हुआ। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि संकल्प फाउंडेशन द्वारा पिछले 10 वर्षों से भारतमाता की आरती और देशभक्ति के गायन का आयोजन किया जा रहा है।



**कांकेर 7 जुलाई। प्रदेश कार्यसमिति अजजा मोर्चा के विजय कुमार मण्डावी ने किया पौध रोपण। राष्ट्रवाद के अमिट हस्ताक्षर डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी की जयंती पर ठेलकाबोड बूथ के प्राथमिक शाला में माँ के नाम एक पेड़ लगाया,इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष योगिता कार्यकर्ताओ के साथ उपस्थित रही।**

# साहित्यकार आजाद को विधायक लता उसेंडी ने किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोडागाँव, 7 जुलाई।** विकासखंड माकड़ी में शासन द्वारा चल रहे महत्वाकांक्षी योजना संपूर्णता अभियान कार्यक्रम में आयोजित उत्कृष्ट आकांक्षी कार्य हेतु शास.हाई.स्कूल तमरावण्ड, विकास खण्ड-माकड़ी, जिला कोण्डागांव-छत्तीसगढ़ के शिक्षक गणेश्वर आजाद 'गँवईहा' कोण्डागांव क्षेत्र की जनप्रिय विधायक माननीय सुश्री लता उसेण्डी जी के द्वारा सम्मानित किया गया इस उपलब्धि से कोण्डागांव व माकड़ी क्षेत्र की जनमानस में हर्ष व्याप्त है 'गँवईहा'जी ने अपनी पुस्तक के सुमधुर गीत प्रस्तुत किए जिनमें गांव, गरीब, किसान से लेकर आजादी के बाद की यथा स्थिति को अपने गीत के माध्यम से रेखांकित किए आजाद जी अब तक दो कृति प्रथम गठरी व दूसरी नवा-बिहान एवं 15 साझा संग्रह प्रकाशित हो चुकी है।जिनके लिए आपको राष्ट्रीय सम्मान एवं अनगिनत राज्य स्तरीय सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से मान.अतिथिगण चंदन साहू भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, दीपेंद्र नाग



भाजपा मंडल अध्यक्ष माकड़ी, संजू पोयाम अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष कोंडागांव, कृष्णा पोयाम भाजपा मंडल अध्यक्ष माकड़ी, मनोज साहू जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा कोंडागांव, अमर मण्डावी सरपंच ग्राम पंचायत रांधना, बलिराम मरकाम सरपंच ग्राम बरकई, वाडेराम शोरी जनपद सदस्य माकड़ी, रामकुमार कश्यप प्रदेश कार्य समिति सदस्य कांग्रेस, हेमलाल वट्टी सरपंच ग्राम पंचायत माकड़ी, ललित पोयाम, प्रताप पोयाम, भानू ठाकुर, जसवंत श्रीवास्तव, सुदर बघेल एवं आदि ने शुभाशीष व शुभकामनाएं दी आप राजेंद्र कुमार वर्मा, संतोष कुमार खुंटे, धंसराज टंडन, रूपेंद्र भारद्वाज, लखमू राम टंडन, हेमेंद्र भारद्वाज, लाल दास मनहर, रामायण पात्रे, चंद्रपाल साहू, शंभू लाल नेताम, संतू राम प्रभाकर, सालिकराम नाग, शीत मरकाम, सुभाष चंद्र पोयाम, शिवकुमार नाग, महेंद्र सिंह जालान, साधू राम नेताम, अर्जुन सिंह मरकाम, कार्तिक मरकाम, गोविंद मरकाम, रतन नाग, विमल मराई आदि ने शुभाशीष दी जिनमें सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### पंत कांग्रेस पार्टी की बी टीम के रूप में कार्य कर रहा है : अटामी

**दंतेवाड़ा/गीदम, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा मंडल महामंत्री एवम किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी शैलेश अटामी ने जारी विज्ञप्ति में कहा की संजय पंत जो अपने को तथाकथित किसान यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष बताता है वह स्पष्ट करें कि इनका किसान यूनियन आज तक किन-किन किसानों के बेहतरी के लिए काम किया है। किसान संगठन एवम सामाजिक संगठन का चोला ओढ़कर राजनीति करते फिर रहे है यदि इनको राजनीति करनी है तो कोई भी राजनीतिक दल में शामिल होकर मैदान में आएं और इनके बयानो से साफ जाहिर होता है ये किसानों की नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी की बी टीम के रूप में कार्य कर रहा है। वह अपने आप को आदिवासी हितेषी बताता हैं। संजय पंत जवाब दे की ये किन-किन आदिवासी युवाओं से एन एम डी सी में नौकरी के नाम पर पैसे लिए थे इसी तरह कुछ वर्ष पूर्व पुरनतरई निवासी दोंदा राम मंडावी के पुत्र मोटू मंडावी से 30000 एवम स्व पेदा मरकाम ग्रा. फूलोड भैरमगढ़ बीजापुर निवासी से 60000 से अवैध वसूली किया था जो आज तक उनको नौकरी मिला और न इनका पैसा विगत वर्ष पूर्व आवराभाटा दंतेवाड़ा की पेरमा बाई का पैसा लेकर वापस मांगने पर समाज की धमकी देने का मामला सामने आया था अटामी ने जारी प्रेस नोट में कहा की विधायक जनता द्वारा चुना हुआ प्रतिनिधि है इसलिए जिला प्रशासन का विषय है की उनको कौन सा आवास देना है इसी के तारगम्य में प्रशासन द्वारा जो भी आवास दिया गया था वह एक प्रशानिक विषय है संजय पंत किसी भी प्रकार के टिप्पणी के पूर्व अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए की वह स्वयं किस प्रकार ग्राम पंचायत पोदुंम में अवैध रूप से पटवारी क्वार्टर में संजय पंत एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी का आवास जो पंत के रिश्तेदार अवैध रूप से कब्ज़ा वर्षों से है इसकी जांच कर उचित कार्यवाही करे प्रशासन ये हमारी मांग है।



### कलेक्टर और एसपी ने ली नक्सल पीड़ित पुनर्वास समिति की बैठक



**उत्तर बस्तर कांकेर, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय नक्सल पीड़ित पुनर्वास समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला के साथ नक्सल पीड़ितों से चर्चा कर उनकी विभिन्न मांग एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और नियमानुसार निराकरण करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिले में नक्सल पीड़ितों के पुनर्वास हेतु लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं एसपी ने पीड़ितों से व्यक्तिगत तौर पर बारी-बारी से पूछा तथा कहा कि समिति द्वारा निराकरण के लिए लंबित मामलों पर शासन की पुनर्वास नीति के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस बारे में बताया गया कि विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित समिति में कुल 35 प्रकरण प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 25 प्रकरण पात्र पाए गए, जिनके समाधान के लिए आगे की कार्यवाही की जा रही है। बैठक में अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. सुमित अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### गौण खनिज के अवैध परिवहन मामले में चार वाहनों पर की गई कार्रवाई



**जगदलपुर, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. निर्देशानुसार गौण खनिजों के अवैध परिवहन पर नियंत्रण लगाने के निर्देश पर 04-05 जुलाई को कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग द्वारा बड़ाजी, जगदलपुर, कोड़ेनार और डिलमिली क्षेत्र में चुना पत्थर और रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर चार वाहनों को जब्त करते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया। खनि अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि खनिज विभाग की जांच दल ने कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर वाहनों पर प्रकरण दर्ज किया गया। पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंप कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज जांच दल के खनि निरीक्षक मिदुल गुहा, खनि सिपाही डिकेश्वर खरे, सीताराम नेताम, पचीयपन द्वारा किया गया।

### आकांक्षी ब्लॉक के मानकों की पूर्णता के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक - विधायक




**जगदलपुर, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नीति आयोग के आकांक्षी जिला-विकासखंड के सूचकांक का सम्पूर्णता अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम तोकापाल के कृषि मंडी परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक के सम्पूर्णता अभियान के सभी मानकों को सभी की सहभागिता से पूर्ण किया जाना है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी नागरिकों को लेना चाहिए, महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं से आर्थिक सम्बलता और स्वास्थ्य सुविधा से एक बेहतर स्वास्थ्य पाया जा सकता है। साथ ही किसानों के लिए मृदा परीक्षण की मिल रही सुविधा का लाभ से बेहतर कृषि कर उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जैसे अन्य योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि सरकार ने आकांक्षी योजना का जिलों और आकांक्षी ब्लॉकों में संचालन कर अपेक्षाकृत पिछड़े और दूरदराज के क्षेत्रों के तेजी से विकास को सुनिश्चित करने के लिए किया गया था। प्रदेश के 20 आकांक्षी ब्लॉकों में बस्तर जिले में तोकापाल ब्लॉक है जिसमें सरकार द्वारा निर्धारित सूचकांकों में पूर्णता की स्थिति पाने के लिए सम्बंधित विभाग द्वारा पहल की जा रही है। सम्पूर्णता अभियान के तहत तीन दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम में आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वास्थ्य के लिए दिए संदेश का सभी पालन करें।

## एक नजर

### हॉस्पिटैलिटी व होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण के लिए 12 तक आवेदन पत्र आमंत्रित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों के हॉस्पिटेलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। वर्ष 2024-25 के लिए हॉस्पिटेलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण में कैरियर की इच्छुक जिले के युवक-युवतियों से 12 जुलाई सायं 05 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप नियम तथा शर्ते विभाग की वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास अटल नगर नवा रायपुर में उपस्थित होकर या कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

### सेना भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए 31 तक करवाएं नाम दर्ज

**जगदलपुर, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर भर्ती 2024 का लिखित परीक्षा परिणाम सेना भर्ती कार्यालय द्वारा ऑनलाईन घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों का शारीरिक दक्षता परीक्षा माह दिसम्बर 2024 के प्रथम सप्ताह में जिला-रायगढ़ में संभावित है। बस्तर जिले के इच्छुक आवेदक जो, शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्व तैयारी करना चाहते है, वे 31 जुलाई 2024 तक कार्यालयीन समय पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जगदलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा ईमेल ddirempl@gmail.com में अपनी व्यक्तिगत एवं अग्निवीर संबंधी जानकारी प्रेषित कर नाम दर्ज करवा सकतें हैं। शारीरिक दक्षता परीक्षा की विस्तृत जानकारी हेतु सेना भर्ती कार्यालय के वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### सहकारी बैंक ने मोबाइल एटीएम वैन की सुविधा शुरू की

**जगदलपुर, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सहकारी बैंक जगदलपुर के अमानतदारों या कृषकों को बैंक से अपने पैसे निकलने के लिए नजदीकी बैंक या स्थापित एटीएम तक जाना पड़ता था जिससे आने-जाने में समय व राशि का अनावश्यक व्यय होता था बुजुर्ग किसानों-ग्रामीणों को असुविधा हो रही थी एवं वे सभी बैंकिंग सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे थे। इसे ध्यान रखते हुए जिला सहकारी बैंक के द्वारा कार्य क्षेत्र में 02 मोबाइल एटीएम वैन नदीसागर एवं बेनूर के माध्यम से कृषक सदस्यों अमानतदारों को नजदीकी शाखा, समिति एवं बाजार स्थल में राशि निकालने के साथ-साथ खाते की शेष राशि संक्षिप्त जानने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। बैंक द्वारा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक डिजिटल (कैशलैस) लेन-देन को बढ़ावा देने एटीएम का उपयोग करने प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## दरभा मंडल में लाखों के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

# ग्राम कामानार में किया जाएगा शाला उन्नयन व विकास कार्य : किरण देव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 7 जुलाई।** जगदलपुर विधायक किरण देव ने शनिवार की शाम दरभा मंडल में लाखों के विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन कर विकास की गति को आगे बढ़ाया। दरभा मंडल के कामानार में भूमि पूजन पर पहुंचे विधायक किरण देव का ग्रामीण जनों ने पारंपरिक रूप से उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया। दरभा मंडल में मुख्यमंत्री अधोसंरचना संसाधन एवं उन्नयन प्राधिकरण मद से प्राथमिक शाला टोपर में अतिरिक्त कक्ष भवन का उन्नयन कार्य का भूमि पूजन लागत 7 लाख, प्राथमिक शाला भाटागुडा अतिरिक्त कक्ष लागत 7 लाख, माध्यमिक शाला छिंदबहार अतिरिक्त कक्ष लागत 7 लाख, प्राथमिक शाला चिंगपाल अतिरिक्त कक्ष उन्नयन लागत 7 लाख, माध्यमिक शाला धुडमारास अतिरिक्त कक्ष का उन्नयन लागत 7 लाख, माध्यमिक शाला नेगानार अतिरिक्त कक्ष का उन्नयन लागत 7 लाख,



प्राथमिक शाला धुडमारास अतिरिक्त कक्ष का उन्नयन लागत 7 लाख, प्राथमिक शाला कपकाकपारा अतिरिक्त कक्ष का उन्नयन लागत 7 लाख, एवं डाढल तरई मे 15वें वित से तराई का जीर्णोद्वार लागत 9.70 लाख , एनएमडीसी सीएसआर मद से सीसी रोड़ लागत 10 लाख रुपए, प्राथमिक शाला काण्डकीपारा मे शाला मरम्मत कार्य लागत 02 लाख , कुल लगभग 70 लाख रुपए का विकास कार्यों का भूमिपूजन विधिवत किया गया।

विधायक किरण देव ने भूमिपूजन कार्यक्रम में आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण जनों के बीच पहुंचकर बस्तर के पारंपरिक स्वागत व प्रेम स्नेह से मन आल्हादित है। देव ने कहा आप सभी की मांग के अनुरूप गांव में निरंतर विकास कार्य किये जा रहे हैं विकास अनवरत जारी रहेगा, मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है, सड़क, पुल पुलिया पानी, शाला भवनों का उन्नयन, व अन्य सभी विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे।

विधायक देव ने बताया कि दरभा मंडल में कुल 130 बोर की स्वीकृति दी गई है जो की क्षेत्र में अनवरत चालू है। क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या ना हो उसे पर लगातार कार्य किये जा रहे हैं। विकास अग्रसर रूप से कार्य करेगा और पूरे क्षेत्र में चौमुखी विकास होगा। कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत विधायक किरण देव ने पंचायत भवन में पौध रोपण भी किया।

इस दौरान पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य सीता नाग, जनपद सदस्य शांति, सरपंच ललिता कश्यप, दरभा मंडल अध्यक्ष फूल सिंह सेठिया, प्रभारी नीटू भदोरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष भोला श्रीवास्तव, महामंत्री हरिप्रसाद, संतोष बघेल, गागरा राम, विष्णु प्रताप एवं खंड शिक्षा अधिकारी पात्रे, एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# योजना के क्रियान्वयन में महिलाएं निभा रहीं महत्वपूर्ण भूमिका

## सफलता की कहानी: जलजीवन मिशन से करिहापहर के ग्रामीणों को पेयजल संकट से मिली राहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 7 जुलाई।** जलजीवन मिशन के अंतर्गत दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में हर घर जल का सपना साकार हो रहा है। इस योजना से जिले के दूरस्थ अंचलों में भी घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंच रही है और ग्रामीणों को पेयजल संकट भी दूर हो रही है, विशेषकर महिलाओं को इस योजना से काफी राहत मिल रही है। पहले कई ग्रामीण महिलाओं को शुद्ध पेयजल के लिए कई किलोमीटर की दूरी भी तय करनी पड़ती थी, जिससे आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था और शारीरिक परिश्रम भी अधिक लगता था। जल जीवन मिशन में ग्रामवासियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जिसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नरहरपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरनपुर के आश्रित ग्राम करियापहर भी ऐसा गांव है, जहां जलजीवन मिशन के तहत हर घर शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है।





ग्राम करियापहर गांव में परिवारों की संख्या 149 है और कुल जनसंख्या 767 है, जिसमें महिलाओं की संख्या 369 एवं पुरूषों की संख्या 398 है। यह गांव के कुल भू-भाग का 3 प्रतिशत हिस्सा उबड़-खाबड़ तथा पथरीला होने के कारण यहां पानी सामान्य से कम मात्रा में पाया जाता है। साथ ही सभी मौसमों में पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं रहता है। यहां निस्तारी के लिए अन्य स्त्रोतों का उपयोग किया जाता है, जिनमें तालाब तथा कुएं शामिल हैं। यहां के पानी में उपलब्ध खनिजों में लोहे की अधिकता पाई गई। अलग-अलग मौसमों में यहां के लोगों को पानी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कई मोहल्लों में गर्मी के दिनों में हैण्डपम्प सूख जाने से पीने तथा निस्तारी के लिए अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कई लोगों के घरों में शासन द्वारा शौचालय का निर्माण किया गया है, परन्तु पानी की कमी के कारण गांव वालों द्वारा शौचालयों का उपयोग नही किया जाता था। स्कूल तथा आंगनबाड़ी में भी पीने के पानी की समस्या हमेशा बनी रहती थी, लेकिन अब जलजीवन मिशन के तहत योजना के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन से करियापहर के ग्रामवासियों को पानी की समस्याओं से छुटकारा मिला है।

**ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा जल संरक्षण का दिया जा रहा संदेश :** जलजीवन मिशन के सदस्य सचिव और कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बी.एन. भोयर ने बताया कि इसके तहत सबसे पहले गांव में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति का गठन किया गया एवं उन्हें नियमानुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गांव के लोगों को साफ एवं शुद्ध पेयजल से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। गांव की पांच महिलाओं का चयन कर उन्हें जल गुणवत्ता परीक्षण सिखाया गया है। स्कूलों में बच्चों को सफाई की आदतों को अपनाने एवं साफ-सफाई के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

**बस्तर गौचा महापर्व 2024**

# अरण्यक ब्राह्मण समाज 617 वर्षों से कर रहा परम्परा का निर्वहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 7 जुलाई।** 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज अपने अनवरत् 617 वर्षों से रियासतकालीन परम्परा का निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 22 जून 2024 से 17 जुलाई 2024 तक बस्तर गोंचा महापर्व का आयोजन कर रही है।

दिनांक 22 जून 2024 को देवस्नान पूर्णिमा (चंदन जात्रा) पूजा विधान के साथ बस्तर गोंचा महापर्व 2024 का आगाज हो चुका है, भगवान श्री जगन्नाथ जी अनसर काल की समाप्ति के साथ दिनांक 06 जुलाई 2024 को नेत्रोत्सव पूजा विधान उपरांत दिनांक 07 जुलाई 2024 को पारम्परिक बस्तर के तुपकी (तोप) के गर्जना के साथ श्रीगोंचा रथयात्रा पूजा विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के 22 विग्रहों को तीन रथों पर रथारूढ़ कर परिकमा उपरांत जनकपुरी सिरहासार भवन (गोंचा मण्डप) में विराजित किये जायेंगे, जहाँ अनवरत 9 दिनों तक श्रद्धालु भगवान के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। इस दौरान निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार दिनांक 08 से 15 जुलाई 2024 तक प्रत्येक दिवस समाज के द्वारा विविध धार्मिक/सांस्कृतिक अनुष्ठान (कार्यक्रमों) की परम्परा के निर्वहन की व्यवस्था भी की गई है। इस वर्ष गोंचा रथयात्रा, हेरा पंचमी, छप्पन भोग एवं बाहुड़ा गोंचा रथयात्रा का शहर में लगे बड़े एल ई डी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण किया जावेगा। साथ शोशल मीडिया फेसबुक, यू ट्यूब के माध्यम से भी लाइव प्रसारण किया जावेगा। गोंचा महापर्व के दौरान प्रत्येक दिवस संध्या 7:30 बजे भगवान की महाआरती उपरांत भजन-कीर्तन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होंगे, जिसमें स्थानीय एवं सांस्कृतिक मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति होगी। समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष दिनांक 10 जुलाई 2024 को अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन बनमाली पानीग्राही परिवार जगदलपुर के द्वारा किया जायेगा।

दिनांक 11 जुलाई 2024 को दोपहर में समाज के बुजुर्गो का सम्मान के साथ- भगवान श्री जगन्नाथ को सलामी देने हेतु तुपकी बनाने वाले ग्रामीण निर्माताओं का भी सम्मान किया जावेगा, और उक्त दिवस को ही हेरापंचमी के अवसर पर संध्या बेला में श्री जगन्नाथ मंदिर से लक्ष्मीजी की डोली नगर भ्रमण जनकपुरी सिरहासार पंहुचेंगी, जहां लक्ष्मी-नारायण संवाद का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। दिनांक 12



जुलाई 2024 को गुण्डिचा मण्डप सिरहासार में भगवान जगन्नाथ प्रभु को ओंकार पाण्डे परिवार जगदलपुर के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छप्पन भोग का अर्पण कार्यक्रम सम्पन्न किया जावेगा। 14 जुलाई 2024 को निःशुल्क उपनयन संस्कार समाज के संस्थापक अध्यक्ष स्व. मोहन प्रसाद पानीग्राही एवं स्व. उमेशचंद्र पानीग्राही परिवार जगदलपुर के द्वारा करवाया जावेगा। गोचा महापर्व को मेला का स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की इस वर्ष भी पर्व के दौरान 8 दुकानें स्थापित की जा रही है। जहां पूजा सामाजिक धार्मिक वस्तुओं के साथ-साथ भगवान जगन्नाथ को प्रिय भोज प्रसाद भी श्रद्धालुओं के लिये उपलब्ध होंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल हरिचंदन जी, मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी को परम्परानुसार गोंचा महापर्व में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रण समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा बस्तर संभाग के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री ने पर्व में हेरा पंचमी या छप्पन भोग के शुभ अवसर पर सम्मिलित होने के लिए आश्वस्त किया है। साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख जनप्रतिनिधियों का भी पर्व में शामिल होने की संभावना है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगरपालिक निगम जगदलपुर के सहयोग से गोंचा गुढी का निर्माण करवाया जा रहा है। जहाँ पर दिव्यांग, वृद्धजन भी बैठकर गोंचा महापर्व का आनन्द प्राप्त कर सकेंगे। निगम के द्वारा गोंचा महापर्व के दौरान शुद्ध पेयजल एवं साफ-सफाई की महत्वपूर्ण व्यवस्था भी प्रदान की जावेगी।

शताब्दियों से रियासतकालीन परम्परानुसार भगवान जगन्नाथ को अमनिया अर्थात् सात्विक शुद्ध भोग का अर्पण 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के 14 क्षेत्रीय समितियों में विभक्त 108 से अधिक ग्रामों में निवासरत् समाज के परिवारों द्वारा दिनांक 8 जुलाई से 14 जुलाई 2024 तक प्रतिदिन भोग लगाने के पश्चात् श्रद्धालुओं को वितरण किया जायेगा। नवीन रथ निर्माण कार्य भी पूर्णता की ओर है, एक रथ के नवीन कपड़ों का निर्माण टेम्पल कमेटी जगदलपुर के माध्यम से कराया जा रहा है। इस वर्ष विद्युत साज-सज्जा के साथ भव्य स्वरूप में रथ संचालन करने की व्यवस्था की जा रही है।

बस्तर के गोंचा महापर्व में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण एवं विभिन्न समुदाय के लोग प्रतिवर्ष अपनी सहभागिता निभाते हैं। समाज महापर्व को भव्य स्वरूप पप्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में आज। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज गोंचा महापर्व में सभी समाज, समुदाय के लोगों को महाप्रभु जगन्नाथ जी के दर्शन लाभ हेतु आमंत्रित करती है। बस्तर अंचल का दशहरा पर्व एवं गोंचा महापर्व अपनी समृद्ध गौरवशाली परम्पराओं के लिए देश-विदेश तक अपना विशिष्ट स्थान रखता है, जो आप सभी के सहयोग के बिना संभव नही है। इस हेतु प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपके सहयोग की अपेक्षा समाज करती है।

दिनांक 15 जुलाई 2024 को बाहुड़ा गोंचा पूजा विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं बलभद्र स्वामी मंदिर लौटेंगे, एवं कपाट फेड़ा पूजा विधान में माता लक्ष्मी एवं महाप्रभु जगन्नाथ के मध्य संवाद पश्चात् गर्भगृह में स्थापित होंगे। दिनांक 17 जुलाई 2024 को देवशयनी एकादशी के साथ गाँचा महापर्व का परायण आगामी वर्ष के लिए होगा। बस्तर का प्रसिद्ध गोंचा महापर्व को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिये आप सभी पत्रकार बंधुओं के द्वारा किये जा रहे अथक प्रयास हेतु समाज आप सबको साधुवाद देते हुये आपका आभार व्यक्त करती है। पत्रकार वार्ता के समाज के अध्यक्ष ईश्वर नाथ खम्बारी, गोंचा अध्यक्ष विवेक पांडे, सुदर्शन पाणिग्राही, आत्माराम जोशी, रजनीश पाणिग्राही, नरेन्द्र पाणिग्राही, बनमाली पाणिग्राही, अनंत प्रसाद पांडे, गजेन्द्र पाणिग्राही, विजय पांडे, चिंतामणि पाण्डे, वेणुधर पाणिग्राही, बिम्बाधर पांडे, बद्रीनाथ जोशी, संतोष पांडे, योगेश पाणिग्राही, अरुण पाढ़ी, गज्जू पाणिग्राही, देव शंकर पंडा, उत्तम पाणिग्राही, प्रशांत पाणिग्राही, जशकेतन जोशी, मिनकेतन पाणिग्राही, चोखालाल पाणिग्राही, निर्मल पाणिग्राही आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### छात्रों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने दिल्ली से पहुंचे कलाकारों ने स्कूलों में दी विशेष प्रस्तुति

**रायगढ़, 7 जुलाई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के विशेष प्रयास से तथा स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा के समन्वय से 2 से 06 जुलाई 2024 तक नई दिल्ली स्थित इंडियन इंटरनेशनल रूरल कल्चरल सेंटर के पहल पर जयपुर घराने की कलाकार कथक नृत्यांगना सुश्री नयनिका गंगानी ने अपने तीन सहयोगी साथियों महेंद्र सोनगरा, किशोर कुमार और हरीश गंगानी ने जिले के दस स्कूलों में कथक नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया।सुश्री गंगवानी ने विद्यार्थियों को अपने अंदर अंतर निहित विशेष गुणों को पहचान कर उसके माध्यम से पढ़ाई से उत्पन्न तनाव से मुक्ति कैसे करें तथा अपने लक्ष्य को सहजता से प्राप्त कैसे करें यह भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, सतत प्रयास, तन्मयता के समन्वय से लक्ष्य प्राप्ति को आसान करना भी बताया। कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य की जानकारी जिला नोडल अधिकारी श्री आलोक स्वर्णकार ने विद्यार्थियों को दी। नृत्य प्रस्तुति के लिये रायगढ़ जिले के दस हायर सेकेंडरी स्कूलों का चयन किया गया था। सुश्री गंगवानी ने 02 जुलाई को चक्रधरनगर स्कूल एवं नटवर स्कूल में 03 जुलाई को जूटमिल स्कूल और कोतरा स्कूल में, 04 जुलाई को किरोड़ीमल नगर स्कूल और कन्या रायगढ़ स्कूल में, 05 जुलाई को औरदा पुसौर स्कूल और बालक पुसौर स्कूल में प्रस्तुति दी।

### स्कूल, कॉलेज,अस्पताल,शॉपिंग मॉल,बाजारों की स्टार रैंकिंग की तैयारी में नगर निगम

**रायपुर 7 जुलाई ।** नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अब कॉलोनियों की स्टार रैंकिंग के बाद स्कूल, कॉलेज , अस्पताल,होटल और रेस्टोरेंट की स्वच्छता रैंकिंग शुरू कर दी गई है । स्पेशल टीम इन स्थलों का मुआयना कर सिटीज़न्स इनपुट लेगी और रैंकिंग जारी करेगी । रैंकिंग परखने इस टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है । कमिश्नर श्री मिश्रा के अनुसार शहरी स्वच्छता गतिविधियों से हर नागरिक को जोड़ने यह गतिविधि की जा रही है । इन परिसरों में कचरा निपटान प्रबंधन की व्यवस्था , डस्ट बिन्स व कचरा पृथक्करण , सफ़ाई के प्रति जागरूकता , पर्यावरण अनुकूल व्यवहार, पीक व कूड़ेदान पर मिली गंदगी, स्वच्छता संबंधी नवाचारों जैसे कई बिंदुओं पर टीम जानकारी लेगी और परिसर में आने जाने वालों की राय लेगी।

# अखण्ड भारत की परिकल्पना के सूत्रधारों में पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अग्रणी: बृजमोहन

## श्यामा प्रसाद जयंती पर भाजपा ने उन्हें स्मरण कर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया

**रायपुर 7 जुलाई।** 6 जुलाई शनिवार को महान शिक्षाविद्, चिन्तक,विचारक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक ÷डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर्ष के साथ मनाई जाती है , इस अवसर पर भाजपा द्वारा संगठन आधारित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है पूरे देश में पंडित मुखर्जी की जयंती विशेष तौर पर मनाई जाती है इसी कड़ी में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । अलग अलग कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ नेता गण रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल , छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप , विधायक गण राजेश मूणत , पुरंदर मिश्रा, आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित रहे इसी तिथि से भाजपा का संगठन पर्व प्रारंभ होने जा रहा है जिसके तहत पूरे सप्ताह विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जो संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे जिसे हम हर्षोल्लास के साथ पार्टी में नए कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन को और मजबूत करेंगे। भाजपा रायपुर जिला द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया प्रातः 10-00 बजे- श्यामा प्रसाद मुखर्जी शारदा चौक पर उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया । प्रातः 11- 00 बजे-जिला कार्यालय एकात्म परिसर में तैलचित्र पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं उनके सामाजिक और राजनीतिक जीवन पर विस्तृत उद्बोधन रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल और वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने ने कार्यकर्ताओ को दिया। राष्ट्रोत्थान व सेवा भाव को आधार बनाकर भारतीय जनसंघ की स्थापना करने वाले परम श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर उन्हें हम सभी की ओर से कोटि कोटि नमन , समतामूलक समाज व अखंड भारत की संकल्पना के पोषक आपके विचार आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अत्यंत अनुसरणीय हैं एवं कालांतर तक उनका अनुसरण कर हम मां भारती के वैभव को वैश्विक पटल पर उदयीमान करने अपना सम्पूर्ण योगदान देते रहेंगे ।



6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में डॉ? श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी का जन्म हुआ। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थे। डॉ? मुखर्जी ने 1917 में मैट्रिक किया तथा 1921 में बी0ए0 की उपाधि प्राप्त की। 1923 में लॉ की उपाधि अर्जित करने के पश्चात् वे विदेश चले गये और 1926 में इंग्लैण्ड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे। अपने पिता का अनुसरण करते हुए उन्होंने भी अल्पायु में ही विद्याध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित कर ली थीं। 33 वर्ष की अल्पायु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वे सबसे कम आयु के कुलपति थे। एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् के रूप में उनकी उपलब्धि तथा ख्याति निरन्तर आगे बढ़ती गयी आज उनकी जयंती पर हम सभी उस बहुमुखी प्रतिभा को बारंबार नमन करते हैं । एक पेड़ मां के नाम के तहत जिसमे छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत उपस्थित रहे इस अवसर पर केदार कश्यप ने कहा की वृक्ष है तो हमारा कल है अन्यथा भविष्य का समय विकराल है हम सभी को पूर्ण जिम्मेदारी लेते हुए प्रतिवर्ष एक वृक्ष आवश्यक लगाना चाहिए जिसमे वृक्षारोपण से लेकर उसके पूर्ण वृक्ष बनने तक उसका पालन पोषण हमारी जिम्मेदारी हो ताकि हमारा आने वाला कल सुरक्षित और प्रकृति संरक्षण से परिपूर्ण हो ।

# मन लगाकर करें पढ़ाई, जरूर मिलेगी सफलता: सांसद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 जुलाई।** सांसद श्री राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य में धरमजयगढ़ में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मंगल भवन धरमजयगढ़ में किया गया। मौके पर उन्होंने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक-चंदन लगाकर उनका स्वागत किया। आशीर्वाद स्वरुप उन्होंने मिठाई व चॉकलेट खिलाकर कर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक गणवेश व सरस्वती साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया ने किया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर साउंड सिस्टम, मोबाइल हियरिंग किट का वितरण किया गया। गत वर्ष के 10 वीं व 12 वीं प्रतिभावान बच्चों को सांसद व विधायक ने पुष्प गुच्छ एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने एवं जीवन में आगे बढ़कर उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल प्राचार्य को शासन द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं को बच्चों तक शत-प्रतिशत पहुंचाने की बात कही। पालकों से भी उन्होंने निवेदन किया कि वह अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहे एवं उन्हें विद्यालय के सुखद वातावरण में भेजने हेतु प्रेरित करें। जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया ने अपने उद्बोधन में मनुष्य जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा को अंधे व्यक्ति के जीवन में प्रकाश पुंज की संज्ञा दी। उन्होंने सभी बच्चों को खूब पढ़ने और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने हेतु कहा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री रविशंकर सारथी द्वारा शाला प्रवेश उत्सव एवं विकासखंड की शैक्षणिक उपलब्धि का प्रतिवेदन वाचन किया गया। इस अवसर पर श्री पुनीत राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत, श्री रमेश अग्रवाल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, श्री टार्जन भारती उपाध्यक्ष, नगर पंचायत व मंडल अध्यक्ष गोकुल यादव, श्री संजय गुप्ता, श्री रामनाथ बैगा जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती वीणा विश्वास जनपद पंचायत सदस्य, श्री महेश चैनानी, श्री विजय अग्रवाल, श्री जगन्नाथ यादव, श्री भरत लाल साहू, श्री हरिचरण अग्रवाल, श्री मुकेश हलधर, श्री धनेश्वर भट्ट, श्री जगमीत सिंह कोमल, श्री गोविंद महंत, श्री शशि पटेल, श्री शिशुपाल गुप्ता, श्री नंदलाल प्रजापति, श्री मोती बेहरा, श्री अनिल पांडेय, श्री राजेश बेहरा, श्री नवल राठिया, श्री विकास केशरवानी, श्री भारत साव, श्री नटवर अग्रवाल, श्री सुभाष मंडल, श्रीमती राशि बाई, श्री एम.एल.मेहर, श्री डिगेश पटेल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, श्री बी के डहरिया तहसीलदार, श्री एस आर टण्डन सीईओ जनपद, श्री अनिल कुमार पैंकरा प्राचार्य डाइट धरमजयगढ़, श्री हकीम उल्लाह खान प्राचार्य सेजस, संकुल प्राचार्यए समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक विकासखंड धरमजयगढ़ श्री रंजू प्रसाद यादव उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### जिला कार्यालय के खनिज शाखा में पदस्थ सिपाही को सेवानिवृति पर कलेक्टर ने दी आत्मीय विदाई



**बीजापुर 7 जुलाई।** श्री सुकुलधर कश्यप सिपाही (चतुर्थ श्रेणी) के सेवानिवृति के अवसर पर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने सेवानिवृति कर्मचारी को अपने कक्ष में आत्मीयतापूर्वक विदाई देते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य सुदीर्घ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। श्री सुकुलधर कश्यप 1987 से शासकीय सेवक के रूप खनिज विभाग में बस्तर, कांकेर एवं बीजापुर जिले में अपनी उत्कृष्ट सेवा प्रदान करते हुए बीजापुर जिले में 30 जून 2024 को सेवानिवृत्त हुए।

### जनपद सीईओ ने ली पालनार बुनियादी सुविधाओं की जानकारी



**बीजापुर 7 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत दहशत का दंश झेल रहे अतिसंवेदनशील ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। बीजापुर के कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जनपद पंचायत बीजापुर की टीम ग्राम डुमरी पालनार पहुँची।जनपद सीईओ श्री गीत कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं नियद नेल्लानार के तहत हैंडपम्प खनन कार्य, पुनः संचालित स्कूल का निरीक्षण किया एवं आंगनवाड़ी केंद्र, अनाज संग्रहण केंद्र निर्माण के लिए जगह का चिन्हांकन किया गया। इस अवसर पर पी पी आई ए फेलो दिव्या नेगी, तकनीकी सहायक तोरण लाल उर्वशा, सचिव रागिनी देवांगन, रोजगार सहायक प्रताप सेमल आदि उपस्थित थे।

### चेरपाल एवं तोयनार में हुआ राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन



**बीजापुर 7 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में बीजापुर अनुभाग अन्तर्गत ग्राम चेरपाल एवं तोयनार में एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल की उपस्थिति में राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल द्वारा किसानों की राजस्व से संबंधित समस्याओं पर चर्चा हुई एसडीएम ने किसानों को बी-1 एवं ऋण पुस्तिका का वितरण किया इसके साथ ही तोयनार के लैम्प्स में किसानों को वितरण की जाने वाली खाद-बीज के भंडारण वितरण इत्यादि की जानकारी ली।इस दौरान तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित राजस्व विभाग के मैदानी अमला उपस्थित थे।

### इनर व्हील क्लब ऑफ रायगढ़ सेन्ट्रल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**रायगढ़, 7 जुलाई।** इनर व्हील क्लब ऑफ रायगढ़ सेन्ट्रल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह जिन्दल रेसिडेंसी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इनर व्हील प्रार्थना के साथ ही इस वर्ष की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती श्रुति देवांगन को पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा कालर पहनाकर तथा बैच लगाकर पदभार ग्रहण कराया। नई कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती श्रुति देवांगन द्वारा किया गया। जिसमें सचिन राखी देवांगन कोषाध्यक्ष, सरिता गोयल उपाध्यक्ष, मनिषा अग्रवाल आइएसओ पुष्पा अग्रवाल एडिटर करुणा अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनिता अग्रवाल को नियुक्त किया गया। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन आरती जैन ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा गत वर्ष की गतिविधियों से अवगत कराया। पूर्व सचिव मनिषा अग्रवाल द्वारा पिछले साल के क्लब द्वारा किये गये कार्यो का विवरण दिया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष श्रीमती श्रुति देवांगन, सचिन राखी देवांगन कोषाध्यक्ष, सरिता गोयल उपाध्यक्ष, मनिषा अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष, श्रीमती अनिता अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, करूणा अग्रवाल आरती जैन, नीलम टुटेजा, शशि अग्रवाल, मीना अग्रवाल, नुपुर गुप्ता, सुधा चिडिपाल, मोना गुप्ता, सीमा बोदिया, आशा अग्रवाल, पिंकी, सुधा अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सरोज निगानिया, बीना शर्मा सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# जिले में शुरू हुआ राजस्व पखवाड़ा

■ **फौती, नामांतरण एवं बटवारा जैसे प्रकरणों का मौके पर किया गया निराकरण**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 7 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा के निर्देशानुसार जन सामान्य के राजस्व से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण के लिए जिले के ग्रामों में 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त प्रकरणों के नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए है, साथ ही जनसामान्य को आयोजित राजस्व पखवाड़ा का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।



राजस्व पखवाड़ा के तहत जिले के ग्राम कया, जबगा, कटाईपाली, हमीरपुर, कुर्रा, परसदा, जामपाली, अडबहाल में राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, लोक सेवा केन्द्र के ऑपरेटर उपस्थित रहे। आयोजित राजस्व शिविर के माध्यम से बी-1, खसरा के नकल एवं किसान किताबों के आवेदनों का यथासंभव शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। इसी प्रकार आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र संबंधी समस्त आवेदनों को लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन प्रविष्टि कर निराकरण भी किया गया। शिविर में प्राप्त फौती नामांतरण, बटवारा, त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही ऑनलाईन अपलोड कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा आदि की प्रविष्टि की गई एवं मौके पर ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिल कराया जाकर प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसी प्रकार लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित राजस्व अधिकारियों को दिए गए है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के तहत राजस्व विभाग के 25 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। इसमें नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, ऋण पुस्तिका, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, अपील, पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन के मामले, त्रुटि सुधार, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से हुए क्षति पर आर्थिक सहायता के प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा।

# इन्द्रावती महाआरती में शामिल हुए बसंत ताटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम 7 जुलाई।** बीजापुर ज़िला प्रशासन द्वारा कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की पहल पर उनके मार्गदर्शन में पहली बार इन्द्रावती महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। रथयात्रा के पुनीत अवसर पर 7 जुलाई को शाम 4 बजे से भोपालपटनम् के तिमेड़-घाट पर आयोजित इस महाआरती कार्यक्रम को क्षेत्र के ज़िला पंचायत सदस्य बसंत ताटी ने नदियों और पर्यावरण-संरक्षण के प्रति लोकचेतना का पर्व कहा है। श्री ताटी के अनुसार इन्द्रावती बस्तर संभाग की प्रमुख नदी है,इसलिये यह इस क्षेत्र की जीवन-रेखा भी है।इन्द्रावती नाम के कारण इसे स्वर्ग की नदी मंदाकिनी भी माना जाता है।ओडिशा के कोरापुट ज़िले से निकलकर भोपालपटनम् के भद्रकाली संगम में विलीन होने वाली यह नदी बस्तर के लिये माँ समान है। बसंत ताटी ने महाआरती आयोजन की तारीफ़ करते हुए कहा कि स्वच्छता के ज़रिये नदियों का संरक्षण ही उनकी सच्ची पूजा-अर्चना है।ताटी मानते हैं कि महाआरती के आयोजन से क्षेत्र के लोगों में इन्द्रावती के प्रति आस्था बढ़ेगी और उनमें नदी को संरक्षित करने की भावना और संकल्प का विकास होगा।उन्होंने आगे कहा कि पहली बार ऐसे सकारात्मक विचार और उसके क्रियान्वयन के लिये ज़िले के अनुभवी और संवेदनशील कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय निश्चय ही साधुवाद के पात्र हैं। बसंत ताटी ने अपने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि इन्द्रावती-महाआरती केवल धार्मिक आयोजन नहीं है।वास्तव में यह कलेक्टर की रचनात्मक सोच के अनुसार ज़िला प्रशासन का एक जनशिक्षण कार्यक्रम है,इसलिये मैं क्षेत्र के सभी लोगों से विनम्र अपील करता हूँ कि इस पवित्र कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी कर पुण्यसलिला इन्द्रावती के प्रति अपनी आस्था को अभिव्यक्त करते हुए यह संकल्प भी लें कि इन्द्रावती के जल-वैभव को बनाये रखने में वे अपना सहयोग देंगे।



### पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी नागरिक एक पौधे लगाकर करें उसकी सुरक्षा करें: योगेश्वर राजू सिन्हा

**महासमुंद 7 जुलाई।** पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में अपनी भागीदारी के लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम का हिस्सा बनने की भी अपील की है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान समय में पर्यावरण का संरक्षण बहुत आवश्यक है। बरसात के समय पौधरोपण करने से पानी की समस्या नहीं होती है। पौधे को पोषण अच्छे से मिलता है। इस सीजन में हमे अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे। पर्यावरण में पेड़ों की कमी से विकृति आ जाती है। इन सबको ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबकी बार एक पेड़ मां के नाम से लगाने का आह्वान किया है। इस अभियान के अंतर्गत लगे पौधे जननी और जन्मभूमि के रिश्ते को एक नई पहचान देंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधों का अहम योगदान होता है। प्रकृति और मां दोनों का ही हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए, जिस तरह से हम अपनी मां की देखभाल करते हैं ठीक उसी तरह प्रकृति की भी देखभाल करें। उन्होंने क्षेत्र की जनता से आह्वान करते हुए कहा है कि आप भी इस अभियान का हिस्सा बने और पौधे लगाएं। इससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर बना रहेगा। गत दिनों गत दिनों पौधा वितरण कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री सिन्हा ने उपस्थितजनों से भी आह्वान किया कि आप सभी अपने वार्ड, गांव या क्षेत्र में पौधे लगाएं और उसके सरंक्षण की जिम्मेदारी लें। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करते हुए उन्हें भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। इससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों की एक श्रृंखला बन जाएगी।

# आकांक्षी विकासखंड उसूर में संपूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ

■ **नीति आयोग द्वारा निर्धारित 6 संकेतको को 30 सितम्बर तक आपसी समन्वय के साथ पूरा करे- कलेक्टर**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 7 जुलाई।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों के साथ-साथ आकांक्षी ब्लाकों का चयन किया गया है। जिसके अंतर्गत बीजापुर जिले के उसूर विकासखंड को आकांक्षी विकासखंड के रुप में चिन्हाकित किया गया है। ज्ञात हो कि संपूर्णता अभियान का उद्देश्य भारत के 112 आकांक्षी जिलों और 500 आकांक्षी ब्लाकों में चुने गए संकेतक में संतृप्ति (शतप्रतिशत) प्राप्त करना है संकेतक स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, समाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों से संबंधित है। उक्त संकेतको को आगामी 30 सितम्बर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। संपूर्णता अभियान के तहत् सूचकांको को शतप्रतिशत करने का प्रयास किया जाएगा। इसमें पहली त्रैमासिक अवधि के दौरान प्रसवपूर्ण देखभाल (एएनसी) के लिए शतप्रतिशत बच्चों का टीकाकरण, हाइपरटेंशन, शुगर एवं डायबिटीज की जांच महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत् सभी गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार प्रदान करना, मृदा परीक्षण के उपरांत सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरण, सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड प्रदाय करना।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय सभी संकेतकों को समय-सीमा में आपसी समन्वय के पूर्ण करने की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की परिकल्पना को साकार करने योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने के लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम तन्मयतापूर्वक कार्य कर रही है। बीजापुर जिला अन्य जिलों से अलग है। यहां प्रतिबंधित माओवादी संगठनों द्वारा जनमानस को गुमराह करने और विकास कार्यो को अवरुद्ध करने का प्रयास भी किया जाता है। किन्तु केन्द्र और राज्य शासन के प्रयास से माओवादी अब पतन की ओर जा रहा है। जिससे जिले के नागरिक भय मुक्त होकर आगे बढ़ रहे है और विकास में अपनी सहभागिता दे रहे है। बीजापुर जिले के बासागुड़ा, आवापल्ली सहित पड़ोसी जिले के जगरगुण्डा 20 साल पहले वनोपज की बहुत बड़ी मंडी हुआ करती थी लेकिन भय और दहशत की वजह से उक्त मंडिया अपना अस्तित्व खो रही है। लेकिन अब इन राष्ट्र विरोधी, माओवादी का खात्मा तेजी से हो रहा है और जिला विकास की ओर अग्रसर है।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का कलेक्टर द्वारा अवलोकन किया गया साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं का गोद भराई एवं नन्हे बच्चों का अन्न प्राशन का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कलेक्टर ने बच्चों का अन्न प्राशन कराते हुए अपने हाथों से मुह मीठा कराकर शगुन के रुप भेट दिए एवं गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किए। इस अवसर पर नीति आयोग के संकेतकों को पूरा करने हस्ताक्षर अभियान में भाग लिए और सम्पूर्णता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य जानकी कोरसा, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सरपंच सहित जनप्रतिनिधिगण एवं नीति आयोग के नोडल अधिकारी श्री उत्तम सिंह पंचारी, एसडीएम उसूर श्री भूपेन्द्र कुमार गावड़े, सीईओ जनपद पंचायत श्री प्रभाकर चंद्राकर, तहसीलदार श्री सूर्याकांत घरत सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आत्मानंद विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 7 जुलाई।** स्वामी आत्मानंद उत्कृश्ट विद्यालय अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम चारामा में बुधवार को षाला प्रवेष उत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का षुभारंभ मॉ सरस्वती की छायाचित्र का पूजन अर्चना कर किया गया। मोक्षी साहू कक्षा 7वीं के द्वारा स्वागत गीत एवं कक्षा 4थीं के बच्चों द्वारा स्कूल चलें हम की थीम पर मनमोहक प्रस्तुति दिये। स्वागत उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य चंद्रषेखर यादव ने षैक्षिक उपलब्धियों, बोर्ड परीक्षा के परिणाम, षिक्षा गुणवत्ता स्तर में सुधार, राश्ट्रीय प्रतिभा खोज, नवोदय में चयनित बच्चों की जानकारी, जेई, नीट परीक्षा की जानकारी एवं षासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का गौरव बढाने वाल छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा राज्य स्तर पर इंस्पायर प्रतियोगिता में सम्मिलित जीया सोनेटा का प्रसस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। स्वामी आत्मानंद में अध्ययनरत एलकेजी से 12वीं तक अंग्रेजी हिन्दी माध्यम में नवप्रवेषित बच्चों का अतिथियों द्वारा तिलक वंदन लगाकर, पेंसिल, कॉपी देकर मुह मीठा कराया गया। विद्यालय के षिक्षक स्टॉफ के द्वारा कक्षा एलकेजी से 12वीं तक अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में नवप्रवेषित बच्चों सहित सभी अतिथियों एवं पालकों को न्योता भोज कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन डी.एल. तिवारी एवं आभार प्रदर्षन राजकुमार दरियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में नोरेन्द्र यादव, षैलेष नाग, भोजकुमार मानकर, गोपेन्द्र बोरकर, कांतेष्वरी तेता, ललिता बोरकर, आदित्य गोस्वामी, नोहर देवांगन एवं धीरज सोनी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### चारामा नपं में समयावधि में नहीं दी जा रही सूचना के अधिकार की जानकारी

**चारामा, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत चारामा में सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी नही देते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा नियमों की खुलेआम धज्जियां उडाई जा रही है। जबकि सरकार के द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए आम जनता एवं सरकार के मध्य परस्पर विष्वास कायम रखने तथा सरकारी कामकाज में पारदर्षिता लाने के उद्देष्य से ही सूचना के अधिकार अधिनियम को लागु किया गया है। लेकिन इन सब के विपरीत नगर पंचायत चारामा में अधिकारियों ने अपनी मनमर्जी से कुछ और ही नियम बना रखें है। जहां पर नगर पंचायत के कामकाजों को समझने एवं जानकारी प्राप्त करने वाले लोगों के द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन देने पर आवेदक को निर्धारित 30 दिवस की समयावधि बीत जाने के बाद भी कोई सूचना उपलब्ध नही कराया गया है। सूचना के अधिकार में दिये आवेदन के अनुसार नगर पंचायत में अध्यक्ष निधि के तहत कराये गये समस्त निर्माण कार्यो एवं उसके भूगतान की सम्पूर्ण जानकारी एवं नगर पंचायत के निकाय मद से किये गए भूगतान की सम्पूर्ण जानकारी आवेदक द्वारा चाही गई है। आवेदन के विशयों को देखने पर लगता है कि उक्त मदों से किये गये कार्यो में कहीं न कहीं बडी गडबडी किया गया है। जानकारी देने पर मामले के उजागर होने की आषंका जताई जा रही है इसलिए विभागीय अधिकारी जानकारी देने बचते दिखाई पड रहे है। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित समयवाधि में जानकारी नही मिलने पर आवेदक के द्वारा प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील करने की तैयारी की जा रही है।





### तिल्दा नेवरा के रौनक वर्मा ने मेडिकल कॉलेज प्रवेश परीक्षा में बाजी मारी

**तिल्दा-नेवरा, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एंव अनुसंधान संस्थान,एस, वी. निरन्तर,भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन विकलांगता विभाग में एक स्वंयशासी संस्थान है,जिसके द्वारा पूरे भारत देश मे प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमे 16 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे,जिसमे रौनक वर्मा पिता राजेश वर्मा ग्राम छपोरा तिल्दा नेवरा ने 467 रैंक अंक प्राप्त कर उपलब्धि हासिल किए है जिसके कारण संबंधित संस्था के विश्वविधालय में आसानी से देश के प्रमुख राज्य उड़ीसा,असम,दिल्ली,चेन्नई के गवर्मेंट कॉलेजों में दाखिल आसानी से हो जाएंगे,रौनक वर्मा बचपन से ही प्रतिभावान ,होनहार,व मेधावी छात्र रहे है,जो टोहड़ा हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी के टॉपर में भी अपना जौहर दिखा चुके है। गौरतलब है कि ग्राम छपोरा के ही प्रतिभावान छात्रों ने मेडिकल परीक्षा में प्रवेश लेने परीक्षा दिलाये थे जिसमें ग्राम छ पोरा के ही रौनक वर्मा के साथ साथ तुषार वर्मा पिता परस वर्मा, राहुल वर्मा पिता राजेन्द्र वर्मा ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर MBBS व BAMS में चयन हो रहे है।



रौनक वर्मा ने इस अभूतपूर्व सफ्लता के लिए मुख्य रूप से प्राथमिकता अपने लग्न व कड़ी मेहनत के साथ साथ अपने बचपन के नींव शाला सरस्वती शिशु मंदिर देवरी के समस्त आचार्य गण, टोहड़ा हायर सेकंडरी के गुरुजन व अपने माता मति प्रेमलता वर्मा, पिता राजेश वर्मा एंव चाचा मुकेश वर्मा ,चाची शिक्षिका मति चमेली वर्मा के साथ साथ अपने बड़े भैया छ ग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के छात्रावास अध्यक्ष तिल्दा नेवरा अनिल वर्मा (छ पोरा-रायखेड़ा)को मार्गदर्शक व प्रेरणाश्रोत बताते हुए जानकारी दी है।रौनक वर्मा के बहन कु रोशनी वर्मा व सौरभ वर्मा ने इस वर्ष टोहड़ा हाई स्कूल में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर घर परिवार व समाज को मान बढ़ाया है । रौनक वर्मा के इस सफ्लता के लिए मनवा कुर्मी समाज के अध्यक्ष चोवा राम वर्मा, राजप्रधान तिल्दा राज के ठाकुर राम वर्मा जी,राज्यमंत्री दौलत धुरंधर ,युवा कार्यकारी अध्यक्ष दीपक वर्मा(सिरवे) विश्वनाथ वर्मा, सहित राजकार्यकरिणी ने बधाई प्रेषित किये है।

### 26 को रिलीज होगी प्रकाश अवस्थी की फिल्म 'मोर बाई हाई फाई'

रायपुर, 7 जुलाई। अभिनेता प्रकाश अवस्थी की बहुप्रतीक्षित फ़िल्म ÷मोर बाई हाई फ़ाई÷ 26 जुलाई को छत्तीसगढ़ के सभी बड़े सिनेमाघर और मल्टीप्लेक्स में प्रदर्शित होने वाली है। यह फ़िल्म महिला सशक्तिकरण पर आधारित है और इसमें पारिवारिक ड्रामा, कॉमेडी, रोमांस, इमोशन और एक्शन का भरपूर तड़का है। फ़िल्म ÷मोर बाई हाई फ़ाई÷ की कहानी समाज के हर वर्ग के लोगों को प्रेरित करने वाली है और यह पूरे परिवार के लिए एक आदर्श मनोरंजन है। फ़िल्म का उद्देश्य न केवल मनोरंजन करना है, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। मुख्यमंत्री जी की पत्नी श्रीमती कौशल्या साय जी ने फिल्म का ट्रेलर लॉंच करते हुए कहा कि प्रकाश अवस्थी हमेशा ही महिलाओं पर केंद्रित उत्कृष्ट फिल्में बनाते हैं। फ़िल्म के निर्देशक नीतेश लहरी ने कहा, ÷यह कहानी हर महिला को प्रेरित करेगी कि वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए किसी भी कठिनाई से पीछे न हटें। फ़िल्म में प्रकाश अवस्थी के अलावा नायिका की भूमिका में सृष्टि देवांगन हैं। फिल्म का निर्देशन नितेश लहरी ने किया है। फिल्म में योगेश अग्रवाल, क्रांति दीक्षित, राजू पाण्डेय, दीपाली पांडेय, नैनी तिवारी, अनुपम वर्मा, प्रमिला रात्रे, देवेंद्र पांडेय, घनश्याम वर्मा, लता रही, वर्षा बर्मन, आनंद साहू, विजय मिश्रा, आयशा, लकी रघूवंशी सहित कई कलाकार भी हैं। जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से फ़िल्म की कहानी को जीवंत बना दिया है। फ़िल्म ÷मोर बाई हाई फ़ाई÷ का संगीत भी बेहद आकर्षक है, जिसे प्रकाश अवस्थी और परशुराम यादव ने संगीतबद्ध किया है।

## एक नजर

### राजस्व मंत्री टंकराम ने दी रथयात्रा की शुभकामनाएं



**तिल्दा-नेवरा, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजस्व खेल कूद मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रदेशवासियों को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ से सभी नागरिकों की शांति ,सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है।

### 88 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 6 शराब कोचिये गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना लवन पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 5 जुलाई को थाना लवन से सउनि मोहित मलिक, प्र0आर0 धनंजय यादव, नान्हूराम नवरंगे व हमराह स्टाफकी पुलिस टीम द्वारा नगर पंचायत लवन के वार्ड क्रमांक 13 में घेराबंदी कर अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाले 6 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से कुल 88 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 17,600 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना लवन में क्रमशः अप.क. 295, 296, 297, 298, 299, 300/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है। आरोपियों के नाम सोनदास उम्र 42 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन, शिवशंकर उर्फ संतोष उम्र 48 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन, संतोषी बाई उम्र 38 साल निवासी वार्ड क्र 13 लवन थाना लवन, रेखा बाई उम्र 40 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन , उमरेठीन उम्र 40 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन, छिता बाई उम्र 53 साल निवासी वार्ड क्र. 13 लवन थाना लवन है।

### कलेक्टोरेट में तोड़फोड़ व आगजनी की घटना में शामिल 2 आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 10 जून को बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्यवाही करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है।। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने एवं इस दौरान उद्दंड उपद्रव करने वाले लोगों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है, जिसके तहत पुलिस द्वारा आज दिनांक 06.07.2024 से प्रकरण में शामिल 02 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### कलेक्टर, समग्र शिक्षा जिला मिशन संचालक व जिला शिक्षा अधिकारी ने 1183 स्कूलों में किया आयोजन

# कही संतुलन का खेल, तो कही टमाटर गिन कर मनाया पढ़ई तिहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 जुलाई।** कलेक्टर व जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा दीपक सोनी के मार्गदर्शन व जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती व डीएमसी एम.एल.ब्रम्हाणी के नेतृत्व में जिले के सभी विकासखंडों के 1183 प्राथमिक शालाओं में मंगलवार को पढई तिहार का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के सभी विकासखंडों में क्रमशः सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला हरिनभट्ठा, पलारी शासकीय प्राथमिक शाला छडिया, कसडोल शासकीय प्राथमिक शाला गोरध, भाटापारा शासकीय प्राथमिक शाला सुमा, बलौदाबाजार, पंडरिया, बिलाईगढ़ बरभाटा में विकासखंड स्तरीय पढई तिहार का आयोजन किया गया। जिसमें नव प्रवेशित बच्चों के साथ उनकी माताएं भी सम्मिलित हुई. इसके लिए माताओं को शाला परिवार की ओर से आमंत्रण पत्र भेजा गया था.शाला में शिक्षकों के द्वारा 9 प्रकार के काउंटर लगाये गए थे.इन काउंटर के माध्यम से गतिविधियों के द्वारा माताओं के माध्यम से अपने अपने बच्चों का मूल्यांकन किया गया 7 विविध खेल गतिविधियों के माध्यम से हर शाला में एक एक स्मार्ट माता का भी चयन पढई तिहार में किया जाकर स्मार्ट माताओं को क्राउन पहनाया गया.पूरा मेला स्थल नीले रंग से रंगा नजर आया. इस वर्ष तिहार में माताओं व महिला शिक्षकों के लिए नीले रंग की साड़ी का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया था. पढई तिहार के लिए विकासखंड स्तरीय कार्यक्रमों के आयोजन में बीईओ, बीआरसी व संकुल समन्वयकों के अलावा पढई तिहार के विकासखंड स्तरीय बीआरजी नीलम वर्मा, बैजंती कौशिक सिमगा, अराधना वर्मा, कविता सरसिहा पलारी, चंचल साहू, शंकर बाई पैकरा कसडोल, क्षिप्रा अग्रवाल भाटापारा, संगीता काले, रेणुका ध्रुव बलौदाबाजार व बिलाईगढ़ से सुनीता साहू, सरोजनी साहू उपस्थित रहे.



कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी भारती वर्मा ने बताया कि विकासखंड के सभी प्राथमिक शालाओं में माताओं को शिक्षकों के द्वारा स्कूल रेडी नेस कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया गया। उनको बताया गया कि घर में ही उपलब्ध स्थानीय सामग्रियों, खेल आदि के माध्यम से बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करते हुए भाषायी व गणित कौशल में दक्ष किया जा सकता है. शिक्षकों के द्वारा माताओं को गतिविधि करके बताया गया कि कैसे घर में उपलब्ध सामग्रियों के माध्यम से ज्ञान दिया जा सकता है। जैसे साडी, कपडे आदि के माध्यम से रंगों की पहचान, बर्तनों के माध्यम से आकृति व छोटे बड़े की पहचान, सब्जियों के माध्यम से भी रंगों व आकृतियों की पहचान कराई जा सकती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कुल के अलावा कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को माँ के माध्यम से घर में ही शिक्षा देना है. बच्चों की शिक्षा में माता का जागरूक होना जरूरी है। घरेलू काम के साथ-साथ खेल-खेल में बच्चों को सिखाना, स्कूल और समुदाय के बीच के तालमेल को समझाना और बच्चों को पढ़ाना भी मां की जिम्मेदारी है। माताओं यानी महिलाओं के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा, ज्ञान देना ही आयोजन कराने का प्रमुख उद्देश्य है। इसमें कमजोर बच्चों को अलग से चिन्हांकित किया जाएगा। जिसके बाद आगे उनको बेहतर करने प्लानिंग बनाकर ज्ञानवर्धक जानकारी दी जाएगी। प्रत्येक प्राथमिक शाला में 9 काउंटर लगाया गया था। जिसके बाद शिक्षकों की मौजूदगी में काउंटर के जरिए बच्चों की गतिविधियों का आंकलन किया गया। पहला काउंटर में पंजीयन सम्बन्धी गतिविधियां हुई यानी बच्चों का पंजीयन हुआ। जिसके बाद दूसरे से 9 वें काउंटर तक भाषायी कौशल, शारीरिक विकास, पेपर को फोल्ड करना, सब्जियों से रंगों की पहचान, भाषीय गणित, बौद्धिक विकास, बच्चों का कोना सहित अन्य गतिविधियां को संपन्न कराया गया। इस दौरान हर गतिविधि में बच्चों को परखा गया छोटे बच्चों को रंग, साइन, कौन सा चीज हल्का है, कौन सा भारी है, यह सब मनोरंजनात्मक तरीके से बताया गया।

# कलेक्टर ने हेमा मण्डावी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया

### वेट लिफ्टिंग नेशनल स्कूल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हासिल किया था रजत पदक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 7 जुलाई।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज अपने कक्ष में नेशनल स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइण्डिया के द्वारा आयोजित 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जिले के एक मात्र रजत पदक विजेता वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी कुमारी हेमा मण्डावी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य के बीकानेर शहर में नेशनल स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइण्डिया के द्वारा आयोजित 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में बालोद जिले से कुमारी हेमा मण्डावी एवं कुमारी भारती साहू सहित केवल दो ही खिलाड़ी शामिल हुए थे। जिसमें कुमारी हेमा मण्डावी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल की है।



कलेक्टर चन्द्रवाल ने कुमारी हेमा मण्डावी की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की भूरी-भूरी सराहना करते हुए उनके इस उपलब्धि को पूरे जिले के लिए गौरव बताया।

उन्होंने कुमारी हेमा मण्डावी की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि कुमारी हेमा मण्डावी गत वर्ष कर्नाटक राज्य के बैंगलूरू शहर में आयोजित खेलों वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में शामिल होकर कांस्य पदक हासिल की थी। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कुमारी हेमा मण्डावी एवं कुमारी भारती साहू सहित मौके पर उपस्थित सभी वेट लिफ्टिंग खिलाड़ियों से बातचीत कर जिले में वेट लिफ्टिंग खेल के संभावनाओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खेल अधिकारी सुश्री प्राची ठाकुर, वेट लिफ्टिंग कोच प्रकाश देशमुख एवं व्यायाम शिक्षक अश्वनी पटेल सहित वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी उपस्थित थे।

### 'उल्लास नवभारत साक्षरता' की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश

# साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाने उपाय सुनिश्चित करें: चन्द्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 7 जुलाई।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम का जिले में सफ्ल क्रियान्वयन हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने सभी के लिए शिक्षा हेतु प्रारंभ की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनुसंशित 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के जिले में सफ्ल क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि केन्द्र परिवर्तित योजना 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत प्रतिशत साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी राधेश्याम साहू एवं विकासखण्ड नोडल अधिकारियों के अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, संकुल समन्वयक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं रणनीति के संबंध में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के अलावा विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों से बारी-बारी से जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्ड नोडल अधिकारियों से 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के सर्वे 'उल्लास एप्प' में एंट्री कार्य के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने सभी विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों को 01 सप्ताह के भीतर एंट्री के कार्य को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों से एंट्री कार्य से आ रही परेशानियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आम जनता को 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान कर तथा अभियान चलाकर एंट्री कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 'उल्लास केंद्र' तथा शिक्षार्थियों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों का चिन्हांकन, उल्लास कार्यक्रम हेतु वातावरण निर्माण, प्रवेशिका निर्माण, पठन-पाठन सामग्रियों की व्यवस्था, 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम में स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं, कुशल प्रशिक्षकों एवं स्वयं सेवी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण तथा उल्लास केन्द्रों का संचालन आदि की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने बैठक में उपस्थित विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों एवं संकुल समन्वयकों को भी 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने अधिकारियों से जिले में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य को अभियान चलाकर पूरा करने को कहा।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202407092100013
अ/6 वर्ष 2023-24

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक गुलामे मुस्तफा पिता-असफाक अंशारी जाति मुसलमान निवासी पुराना बस स्टैण्ड वार्ड नं. 14 डोंगरगढ़ थाना व तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की नानी-फतिमा बी उर्फ गरीबन बाई पिता-अब्दुल वहीद खाँ के निजी भूमिस्वामी हक व आधिपत्य के एकल खाते में नजूल शहर डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. डोंगरगढ़, तहसील- डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में भूमि स्थित है। जिसका शीट क्रमांक-2 भूखण्ड क्रमांक-941/5 का कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। उक्त सम्पत्ति की खातेदार मेरी नानी फतिमा बी उर्फ गरीबन बाई पिता-अब्दुल वहीद खाँ की मृत्यु दिनांक-16/06/2016 को हो चुकी है। मेरी नानी स्व. फतिमा बी उर्फ गरीबन बाई पिता-अब्दुल वहीद खाँ तथा शहजादी बेगम एवं मों. इस्तियाक की मृत्यु हो जाने के कारण से उनका फौती दर्ज कर राजस्व रिकार्ड से उनका नाम विलोपित कर उनके उत्तराधिकारियों एवं वारिसानों के नाम पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है.

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 31/07/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़

# अगर, मगर और 'काश' में हूँ... मैं खुद अपनी 'तलाश' में हूँ...



भारत में हाल ही में लागू क़ानून नये सिरे से पुलिस राज को ही बढ़ावा देने का उपक्रम माना जा रहा हैइन कानूनों को लेकर कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि कानून लागू करने वालीएजें सियों, न्यायिक अधिकारियों कानूनी पेशेवरों के लिये आगे बड़ी चुनौतियां हैं। ये कानून बड़ी संख्या में नाग रिकों को उनके जीवन में किसी न किसी समय प्रभा वित करेंगे।कानूनी जान कारों की ये दलील है कि नये आपराधिक कानूनों में, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को बिना किसी नियंत्रण, संतु लन के निरंकुश शक्तियां दी गई हैं जिससे खतरा भी हो सकता है।उनमें से कुछ का उल्लेख किया जाना समी चीन होगा।पुलिस, न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी को रखने की वैध मियाद को 15 दिनों से बढ़ाकर अब 90 दिनों तक कर दिया गया है।बताने की ज़रूरत नहीं है कि अपराधी हों या निर्दोष, दोनों तरह की हिरा सत किस तरह सभी के लिये एक जैसी नारकीय हैं।फिर, पुलिस लॉकअप हो अथवा जेलें, दोनों में क्षमता से अधिक आरोपी या सज़ा याफ़्ता रखे जाते हैं। मानव गरिमा के विपरीत परिस्थि तियां तो पहले से मौजूद हैं, यह कल्पना सहज है कि बढ़ी हुई संख्या में वे किस तरह से सलाखों के पीछे दिन काटेंगे।'राजद्रोह' शब्द नयी न्यायिक संहिता से हटा दिया गया लेकिन बहुत से नये आधार बना लोगों को जेलों में बगैर मुकदमा चलाना आसान, जमानत प्रक्रिया को और कठिन बना दिया गया है।देश की एकता, अखंडता को नुक सान पहुंचाने वाले कृत्यों के खिलाफ लाये गये कानून अप्रत्यक्ष रूप से सरकार के खिलाफ उठनेवाली आवा ज़ों को खामोश करने का बढ़िया ज़रिया बन जायेंगे। यह धारा लगाने का विवेका धिकार भी अपेक्षाकृत निचले अधिकारी के पास हो गया है। इनमें भी लम्बे समय तक जमानत नही मिलने के प्रावधान कर दिये गये हैं।अनुमान लगाना कोई मुश्किल नहीं है कि जिस सरकार ने विपक्षी नेताओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, लेखकों, बुद्धि जीवियों, ट्रेड यूनियन और किसान संगठनों के नेताओं के ख़िलाफ़ पहले से अभियान जैसा छेड़ रखा है उसका व्यवहार ये काले कानून हाथ में लग जाने के बाद कैसा होगा! गैरकानूनी गति विधियां (प्रतिबंध)कानून यानी यूएपीए के चलते कितने लोग लम्बे समय से जेलों में सड़ रहे हैं, सरकार के हाथ नये कानूनों से भी ताक़तवर हो जायेंगे। यह भी माना जा रहा है कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अतिरिक्त स्वतंत्र मीडिया (सोशल) का गला घोंटना भी अब आसान हो जायेगा? सरकार विरोधी खबरों, रिपोर्ताज, समीक्षा को भी देश की एकता-अखं डता के लिये खतरा बता ऐसे पत्रकारों, मीडिया संस्थानों को सरकार द्वारा डराना बेहद आसान हो ही जायेगा?

### जुनेजा के बाद कौन बनेगा पुलिस मुखिया...?

आईपीएस 1992बैच के अरुण देव गौतम तथा 19 94 बैच के हिमांशु गुप्ता को डीजी बनाया गया है, आदेश जारी हो गया है वहीं




1992 बैच के आईपीएस पवनदेव के विरुद्ध विभा गीय जाँच लंबित



होने के कारण उन्हें फिलहाल डीजी पदोन्नत नहीं किया गया है।हालांकि उनके नाम का लिफाफा बंद कर रखा गया है यानि जाँच पूरी होने पर उन्हें पदोन्नत किया जाएगा।जुनेजा के बाद दोनों में से किसी को डीजीपी बनाया जाना चाहिये पर सरकार किसी जूनियर को भी कार्य कारी डीजीपी बना सकती है।!अशोक जुनेजा अगले माह ही रिटायर होंगे, वहीं अरुणदेव गौतम जुलाई 27 पवन देव जुलाई 28, हिमां शु गुप्ता जून 29, एसआर पी कल्लूरी मई 31, प्रदीप गुप्ता जुलाई 31, विवेका नंद सिन्हा जनवरी 32, दीपांशु काबरा जुलाई 34 में रिटायर होंगे। एडीजी गुप्तवार्ता अमित कुमार दिसंबर 35 में सेवानिवृत होंगे।

### जीपी सिंह की बहाली का मामला लटका...?

मिनिस्ट्री ऑफ होम अफे यर्स ने फ़ोर्सली रिटायर किये गये आईपीएस जीपी सिंह की बहाली के सम्बन्ध में छ्ग सरकार को 'पुन विचार' करने को कहा है, इसके बाद सिंह की बहाली लटक गई है, केंद्र या राज्य सरकार कैट के फैसले के खिलाफ सुको का रुख कर सकती है।छ्ग के 1994 बैच के आईपीएस जीपी सिंह को पिछली छ्ग सर कार की अनुशंसा पर भारत सरकार ने फोर्सली रिटायर कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ जीपी सिंह कैट की शरण ली थी, फैसला उनके पक्ष में आया। कैट ने सिंह को 4 हफ्ते के भीतर फिर सर्विस ज्वाइन कराने का आदेश दिया था, कैट का फैसला केंद्र सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ होम अफे यर को भेजा गया था।पर



वहां से पुनर्विचार का आदेश आने पर पुलिस में ज्वाइ निंग अब होने की उम्मीद कम ही है क्योंकि 'अमित शाह' के गृह मंत्रालय से पुनर्विचार सम्बंधित पत्र आने के बाद छ्ग सरकार जीपी सिंह के पक्ष में कोई निर्णय लेगी इसकी उम्मीद कम ही है!ज्ञात रहे किआय से अधिक संपति, राजद्रोह के मामले में ईओडब्लू ने उन्हें गुड़गांव से गिरफ्तार किया था। वे लंबे समय तक जेल में भी रहे।

### और अब बस...

» क्या छ्ग सीएम सचिवालय में एसीएस या पीएस की नियुक्ति हो रही है?
» क्या फिर कुछ एसपी को बदला जा रहा है?
» सीएम के बाद किसकी चल रही है, दोनों डिप्टी सीएम पर कौन मंत्री भारी है?

# पीएम महंगाई पर बात करने का साहस क्यों नहीं दिखा रहे: बैज

**रायपुर, 7 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे है। देश की जनता का महंगाई से बुरा हाल है। मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। महंगाई को लेकर कांग्रेस प्रदेश में जनआंदोलन छेड़ेगी। मोदी राज में रोजमर्रा की जरूरतों के दाम बेतहाशा बढ़ गये है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 1000 रु. के पार है। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 95 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड आयल का दाम लगातार कम हो रहे है। 2014 की तुलना में वर्तमान में क्रूड आयल आधे रेट में मिल रहा है, लेकिन उसका लाभ आम जनता को नही मिल रहा है। खाने के तेल और दाल की कीमत 70 रु. और 60 रु. प्रति किलो थी, वह 200 रू. प्रति किलो को पार कर गई है। इतना ही नहीं, बीते दिनों जीएसटी की बर्बर मार से दही, पनीर, लस्सी, आटा, सूखा सोयाबीन, मटर व मुरमुरे भी बच नहीं सके, उन पर भी 5 फीसदी



जीएसटी लगा दिया गया। होटल के 1, 000 रु. के कमरे पर 12 प्रतिशत जीएसटी, अस्पताल के आईसीयू बेड पर 5 प्रतिशत जीएसटी। जीने के लिए सभी आवश्यक चीजों पर जीएसटी लगाकर चैन नहीं मिला तो श्मशान घाट के निर्माण पर भी जीएसटी बढ़ा दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतें लगातार घट रही है। मगर मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम नहीं कर रही है। बीते 10 सालों में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर कर लगाकर 29 लाख करोड़ रुपए जनता की जेब से निकाले गए हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में असफल और नकारा साबित हुई है। अभी हाल ही में देश भर में हुई सर्वे में एक बात सामने आई है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों, रोजगार देने में असफलता, पेट्रोल, डीजल में मनमाना एक्साइज ड्यूटी, रेल यात्रा का महंगा होना।

## एक नजर



रायपुर, 7 जुलाई। पार्षद मृत्युंजय दुबे ने बताया कि पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड 42 के पहाड़ी तालाब के पार में वृक्षारोपण अभियान के तहत 50 से अधिक पौधे लगाए गए।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 11 को

रायपुर, 7 जुलाई। विश्व में जनसंख्या की बढ़ोत्तरी एक विकेट समस्या का रुप ले चुकी है. इससे उत्पन्न खतरों से जन सामान्य को जागरूक करने पर्यावरण ऊर्जा टाइम्स, रायपुर प्रेस क्लब और रोटरी क्लब रायपुर द्वारा 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर देश एवं प्रदेश के विशिष्ट वक्ताओं की उपस्थिति में एक जन संगोष्ठी का आयोजन महाराजा अग्रसेन कालेज आडिटोरियम, समता कॉलोनी में किया जा रहा है. आयोजन के संयोजक एवं पर्यावरण ऊर्जा टाइम्स के संपादक ललित सिंघानिया ने बताया कि संगोष्ठी में वक्ताओं की व्याख्यान होगा।

### निधन

### कुमारी देवी मिश्रा

**रायपुर, 6 जुलाई।** सिविल लाइंस निवासी कुमारी देवी मिश्रा पति



स्व. चंद्रिका प्रसाद मिश्रा, रिटायर्ड डीएसपी (मुरा वाले) का शनिवार को 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे स्व. रमेश मिश्रा, स्व. सतीश मिश्रा, और पूर्व मंत्री विधान मिश्रा की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को दोपहर एक बजे सिविल लाइंस स्थित निवास स्थान से महादेव घाट मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। दोपहर 2 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# बेचैन भूपेश बघेल मिथ्या प्रलाप कर रहे : मूणत

**रायपुर, 7 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने शराब घोटाले से जुड़े नकली होलोग्राम की जब्ती के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि बघेल की ज्ञानेंद्रिय अब जाकर हरकत में आई है, जब एसीबी और ईओडब्ल्यू ने धनेली गाँव में छापा मारकर महापौर एजाज ढेबर के बड़े भाई और शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर के खेत की खुदाई करके वहाँ से सैकड़ों अधजले नकली होलोग्राम का जखीरा जब्त किया। मूणत ने कहा कि घोटाले के गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ के दौरान नकली होलोग्राम का सच स्वीकार करने के बाद भी भूपेश बघेल इस मामले में फिर मिथ्या प्रलाप करके नित नया प्रपंच फैलाते जरा भी शर्म महसूस नहीं कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मूणत ने कहा कि शराब घोटाले के मामले में बघेल द्वारा रचे जा रहे राजनीतिक प्रपंच की उम्र ज्यादा लंबी नहीं है। देर-सबेर इस मामले का पूरा सच सामने आएगा और फिर दोषी चाहे कोई भी हो, उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी। बघेल यह बात अच्छी तरह समझ रहे हैं कि जाँच की आँच में देर-सबेर उनका राजनीतिक वजूद



झुलसने वाला है, यही डर बघेल को बेचैन कर रहा है, उनसे मिथ्या प्रलाप करा रहा है। मूणत ने सवाल किया कि आखिर नकली होलोग्राम मामले में बघेल की जुबान तब क्यों चली, जब ढेबर के खेत से नकली होलोग्राम का जखीरा पकड़ाया और साक्ष्य मिटाने के आरोप में तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई? बघेल होलोग्राम बनाने वाली फैक्ट्री को फर्स्ट बेनिफिशियरी बताकर आखिर अपने धत्कर्म पर कब तक पर्दा डालने की नाकाम कोशिश करते रहेंगे? फैक्ट्री मालिक गुजरात का होना इस पूरे मामले उतना मायने नहीं रखता, जितना यह मायने रखता है कि उस कम्पनी को प्रक्रिया का उल्लंघन करके होलोग्राम बनाने का टेंडर किसके शासनकाल में देकर नकली होलोग्राम बनवाए गए और फिर उसे छत्तीसगढ़ में शराब के गोरखधंधे में इस्तेमाल किया गया? बघेल को अब यह कैसे पता चला कि फैक्ट्री मालिक गुजरात का है? क्या बघेल बाकी का प्रलाप छोड़कर प्रदेश को इन सवालों का जवाब देने का माद्दा रखते हैं?

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मूणत ने कहा कि शराब घोटाले को लेकर हो रही जाँच पर भूपेश बघेल कहते थे कि इसमें तानाशाही हो रही है, सरकार को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। शराब घोटाले के जो आरोपी है और जो गिरफ्तार हुए हैं, अब तो उन्होंने भी साफकर दिया है कि हम नकली होलोग्राम बनाते थे। कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में हुए शराब घोटाले को लेकर लगातार हो रहे ताजा खुलासों और बरामदगी के मद्देनजर कांग्रेस के भ्रष्ट कारनामों को लेकर तीखा हमला बोलते हुए मूणत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने शराब के गोरखधंधे को बढ़ावा देकर जितनी काली करतूतें की हैं, वह अब सामने आ रही हैं, इसलिए बघेल रोज बिफर रहे हैं। भूपेश सरकार न केवल शराब की कोचियागिरी कर रही थी, बल्कि नकली और अवैध शराब के जरिए एक तरफ जान-माल के साथ घिनौना खिलवाड़ तक कर रही थी तो दूसरी तरफ प्रदेश के सरकारी खजाने पर डाका डाल रही थी। अब यह बात अब आईने की तरह साफ हो गई है कि प्रदेश का शराब घोटाला पिछली कांग्रेस सरकार की छत्रछाया में ही फल-फूल रहा था।

# राहगीरों को पूड़ी-सब्जी का वितरण

**रायपुर, 7 जुलाई।** आज रामसागर पारा जवाहर नगर मोहल्ला समिति के द्वारा जवाहर नगर के प्राचीन मंदिर शिव राधा कृष्ण मंदिर के सामने अमावस्या के उपलक्ष्य में आते जाते राहगीरों 400 व्यक्तियों को प्रसाद पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया।अध्यक्ष माया मुरारका ने कहा अमावस्या का भंडारा प्रत्येक माह किया जायेगा।महामंत्री ममता अग्रवाल ने कहा ऐसे धार्मिक नेक कार्य निरंतर होते रहना चाहिए। रामसागर पारा की सयोजिका बॉबी जैन के नेतृत्व में निरंतर सामाजिक धार्मिक कार्य मोहल्ले समिति के अंतर्गत किए जा रहे है। जिसमे सहसयोजीका ज्योत्सना अग्रवाल पूर्ण सहयोग प्रदान करती है आज के कार्यक्रम में अध्यक्ष माया मुरारका, महामंत्री ममता अग्रवाल, संगठन मंत्री शशि अग्रवाल प्रचार प्रसार मंत्री



ज्योति अग्रवाल, मोहल्ले की संयोजिका बॉबी जैन, सहसयोजीक ज्योत्सना अग्रवाल के साथ साथ कार्यकारणी सदस्य रजनी अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, किरण जैन, आरती अग्रवाल पूर्व संयोजक संजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मंदिर के पुजारी राजू महराज एवम फूल कलि शुक्ला उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी प्रचार प्रसार मंत्री ज्योति अग्रवाल ने प्रदान की।

# डीएमएफ की राशि दूसरे जिले में नहीं होगी स्थानांतरित

**रायपुर, 7 जुलाई।** खनन प्रभावित जिलों को मिलने वाला जिला खनिज न्यास मद (डीएमएफ)अब दूसरे जिलों को स्थानांतरित नही होगा। केंद्र सरकार ने डीएमएफ को लेकर ये बड़ा बदलाव किया है। नये प्रावधान के मुताबिक डीएमएफ की राशि ना सिर्फ दूसरे जिलों को ट्रांसफर नहीं होगी, बल्कि प्रभावित जिलों को भी खर्च करने के लिए कई तरह की गाइडलाइन का पालन करना होगा।

केंद्र सरकार की तरफसे लागू प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना गाईडलाईन 2024 को अब छत्तीसगढ़ में भी लागू करने की तैयारी है। गाईडलाईन के लागू होने के बाद डीएमएफ की शत प्रतिशत राशि उसी जिले के विकास में खर्च की जायेगी। जाहिर है केंद्र सरकार के इस आदेश से सूबे के उन जिलों के विकास की रफ्तार पर ब्रेक लगेगा, जिन्हें जिला खनिज न्यास मद से हर साल करोड़ों रूपये का फंड मिला करता था।


# कैंसर जांच शिविर आयोजित




**रायपुर, 7 जुलाई।** छत्तीसगढ़ की सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित बाल्को कैंसर अस्पताल के साथ मिलकर महिलाओं में बढ़ते हुए कैंसर के मामलों को दृष्टिगत रखते हुए निः शुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित किया। कैंसर जांच शिविर में रायपुर के आसपास के क्षेत्रों से भी महिलाओं ने जांच कराई, महिलाओं के लिए मेमोग्राफी, पेप स्पीयर जांच उपलब्ध थी साथ ही महिलाओं को जागरूक किया गया। लगभग सौ से अधिक महिलाओं ने जांच कराई। कुछ कैंसर पीड़ित महिलाओं के लिए संस्था यथासंभव सहयोग करेगी संस्था इसके पूर्व भी कैंसर जैसी भयावह बीमारी को लेकर हमेशा ही जागरुकता अभियान और स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर मरीजों को राहत देने का सतत प्रयास कर रही है। शिविर में दंतचिकित्सक डॉ अभिषेक मिश्रा, रोशन शर्मा ने अपनी सेवाएं दी मरीजों के दांतों का चेकअप किया गया। शिविर में बाल्को कैंसर अस्पताल से डाक्टर दामिनी साहो, मार्केटिंग मैनेजर विजेन्द्र कुमार साहू, टेक्निशियन संजना, नर्सिंग स्टाफ ममता नेताम कल्पना वर्मा ने अपनी बेहतरीन सेवा दी। शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के इस आयोजन में स्मिता सिंह फाउंडर, होम्योपैथी चिकित्सक डाक्टर अनुश्री पाठक, सुभदा पाठक, पदमा घोष, अपर्णा चांडक, सुषमा बग्गा हासी बैनर्जी, गायत्री मिश्रा, डॉ रोशन, गोविन्द अग्रवाल, सोनल राजेश की सराहनीय भूमिका रही।









कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26